नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020




# जोहार छत्तीसगढ़




दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 300 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 7 सितंबर 2022



पेज -3 पर साकार श्रीवास्तव की उपलब्धियों ने संस्कार भारती परिवार को...

कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे आज धरमजयगढ़' पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2022 ( 26 सितंबर से 05 अक्टूटर 2022 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, विश्व कम्प्यूटर 07766-299002, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, शिवम मोबाईल बस स्टैण्ड, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर कांडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योति कलश



601/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### राज्यपाल सुश्री उइके से कैप्टन ढिल्लन ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से गत दिवस राजभवन में शिक्षाविद् कैप्टन अंकुर ढिल्लन ने सौजन्य मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि कैप्टन ढिल्लन का चयन शिक्षा के क्षेत्र में डब्ल्यू.सी.आर.सी. लीडर एशिया, वर्ष 2022 के लिए बेस्ट इमर्जिंग लीडर के रूप में हुआ है। इस उपलब्धि के लिए डब्ल्यू.सी.आर.सी. फेस्ट 2022 लंदन में श्री ढिल्लन ब्रिटिश संसद में सभा को संबोधित करेंगे। इस उपलब्धि के लिए राज्यपाल सुश्री उइके ने कैप्टन ढिल्लन को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया।

12,489 पदों पर होगी शिक्षकों की भर्ती

# एस सी और ओबीसी सलाहकार परिषद होगी गठित, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक भी होगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक में बड़े बदलाव के साथ ही कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। प्रदेश के बस्तर और सरगुजा संभाग में 12,489 शिक्षकों की भर्ती होगी, जिसमें 6,285 सहायक शिक्षक, 5,772 शिक्षक और 432 पद व्याख्याता के होंगे।



शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष के लिए 2 बोनस अंक और अधिकतम 10 बोनस अंक देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा प्रदेश में अब अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग अलग होंगे। SC और OBC सलाहकार परिषद का गठन किया जाएगा। सीएम भूपेश ने बताया कि प्रदेश में छत्तीसगढ़ ओलिंपिक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की कोई आयु सीमा नहीं होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

? अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण और विकास के लिए अलग विभागों का गठन होगा।

? राज्य शासन द्वारा अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्रों बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों तथा बिलासपुर संभाग के कोरबा और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का ट्रांसफर, प्रतिनियुक्ति, संविलियन, संलग्नीकरण जिले और संभाग के बाहर नहीं किया जाएगा।

? *किसानों के सहकारी ऋणों पर ब्याज अनुदान नियम-2021 में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार उद्यानिकी कार्यों, मत्स्य पालन एवं गौपालन के लिए लघु और सीमांत किसानों को 3 लाख रुपये तक बिना ब्याज के लोन की सुविधा।*

? *किसानों के हित में कृषि और उससे संबंधित उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन आदि संबद्ध विभागों की गतिविधियों को एक ही जगह से क्रियान्वित करने अन्य विभागों की भांति नवा रायपुर में कृषि भवन का निर्माण होगा।*

# छत्तीसगढ़ में 13 अफसरों की जिम्मेदारी बदली

***राज्य सेवा के 12 अफसरों को पदोन्नति के बाद वहीं रखा, हरीश मंडावी का रायपुर से बस्तर ट्रांसफर***



रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 13 अफसरों को पदोन्नति दी है। उसके बाद अधिकतर अफसरों को उसी जिले में वरिष्ठ पद अपर कलेक्टर बनाकर तैनात कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी अरुण मरकाम और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के ओएसडी राजेश कुमार पात्रे को पदोन्नति के बाद भी वहीं रखा गया है। वहीं पाठ्य पुस्तक निगम के महाप्रबंधक अरविंद कुमार पाण्डेय और सीएसआईडीसी की महाप्रबंधक सूर्यकिरण तिवारी अग्रवाल की जिम्मेदारी भी नहीं बदली है। इस सूची में केवल रायपुर के संयुक्त कलेक्टर रहे हरेश मंडावी को बाहर भेजा गया है। मंडावी को अपर कलेक्टर बनाकर बस्तर भेजा गया है।



# दहेज लोभी पति सहित 4 पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

दहेज के लिए प्रताड़ित महिला आई मायके, पति ने कर ली दूसरी शादी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित हो रही महिला अपने मायके आ गई। उधर पति ने दूसरी शादी कर ली। जिसके बाद महिला ने धरमजयगढ़ थाने में ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराई है। पीड़िता कनिका मण्डल पति समीर मण्डल निवासी रविन्द्र नगर थाना जयनगर जिला सूरजपुर जो वर्तमान में अपने मायके दुर्गापुर कालोनी में रहती है। महिला ने बताया है कि 2017 में सामाजिक रीति रिवाज से समीर मण्डल रविन्द्र नगर थाना जयनगर के साथ हुई थी। शादी के बाद सुखमय जीवन व्यतीत कर



रहे थे। दोनों के वैवाहिक जीवन में एक पुत्र भी है। लेकिन साल भर बाद ही महिला के पति समीर मंडल ससुर अवनी मण्डल सास हरिदासी एवं ननद तुलसी मंडल दहेज में मोटरसाइकिल एवं एक लाख रुपये नहीं लाए हो कहकर प्रताड़ना शुरू की गई। जिसके बाद आए दिन ससुराल पक्ष द्वारा गन्दी गन्दी गाली गलौज की जाती थी। वर्ष 2021 में महिला की ननद तुलसी मंडल मायके आकर समीर को मोटरसाइकिल एवं नगदी मांग करने के लिए उकसाने लगी। जिसपर समीर ने महिला को जान से मारने की कोशिश की गई। महिला दूसरे के घर छिप गई और अपने मायके वालों को फोन कर घटना की जानकारी दी। तब उसके मायके वाले उसे अपने घर दुर्गापुर कालोनी ले आए। अभी इसी बीच समीर मंडल ने महिला को फोन कर बताया कि तू दहेज लेकर नहीं आई थी, इसलिए तू वहीं अपने मायके में रहना। मैं 14 जुलाई 2022 को दूसरा शादी कर लिया हूं। महिला द्वारा थाने में लिखित शिकायत की गई है जिसपर पुलिस ने अपराध धारा 498 ए भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बड़े पापा ने भतीजे को उतारा मौत के घाट

## रिपोर्ट दर्ज होते ही हत्या के आरोपी को चंद घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पुराने रंजिश का उस समय दुखद परिणाम सामने आया जब बड़े पापा ने भतीजे को मौत के घाट उतार दिया। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम उदउदा की है। जहां बड़े पापा उमेंद्र बैगा ने भतीजे दिलीप सिंह उम्र 35 वर्ष की टांगी से मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि उमेंद्र सिंह का कोई संतान नहीं होने पर अपने भाई के पुत्र दिलीप को गोदनामा लिए थे। जिसे पाल पोषकर बड़ा कर उसकी शादी कर दी। शादी के बाद दिलीप कुछ काम नहीं करता था और आए दिन



पैसा मांगते रहता था। जिसे लेकर अक्सर विवाद होता था। विवाद को बढ़ता देख दिलीप को अलग कर एक घर दे दिए। तब दिलीप उमेंद्र सिंह से जमीन का बंटवारा मांगने लगा। जिस विषय को लेकर दोनों परिवार के बीच हमेशा विवाद होता था। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी उमेन्द्र सिंह बैगा का भाई ने 6 सितंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे बेटे दिलीप सिंह की हत्या 5 सितंबर 2022 शाम को कर दिया है। थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा ने अपने उच्च अधिकारी को घटना की जानकारी दी उच्च अधिकारी के निर्देश पर एसडीओपी दीपक मिश्रा के सुपरविजन में हत्या के आरोपी उमेन्द्र को चंद घंटे में गिरफ्तर कर लिया है।

### हत्या का प्रयास मामले में मृतक के खिलाफ भी मामला दर्ज

मृतक के खिलाफ भी हत्या का प्रयास करने के मामले दर्ज किया गया है। कल मृतक दिलीप सिंह और आरोपी के पत्नी सावनमती बैगा के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू हुआ। तब दिलीप ने टांगी से अपने बड़ी मम्मी सावनमती के ऊपर हमला किया। जिससे सावनमती के गले में गंभीर चोट लगी। इस सब को देखकर रहे आरोपी उमेंद्र ने दिलीप से टांगी को छीनकर दिलीप के ऊपर वार कर दिया। जिससे दिलीप की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों ने धरमजयगढ़ थाने में दी। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

### आरोपी को चंद घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार

*मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी नन्दलाल पैंकरा एवं उनकी टीम चंद घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि घटना के बाद आरोपी गांव में ही अपने ससुराल में छिप गया था। जिसके बारे में जानकारी जुटाकर खोजबीन करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।*

कार्यशाला... कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास मंत्री भेंड़िया हुई शामिल

# महिला स्वास्थ्य' पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

रायपुर। राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से राजधानी के लाभांडी में आज 'महिला स्वास्थ्य' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने की। यहां विशेषज्ञों की उपस्थिति में पोषण अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित प्रभावी व्यवहार परिवर्तन पर चर्चा की गई। इस दौरान पोषण माह का कैलेण्डर, गाईडलाइन की किताब का विमोचन किया गया। साथ ही सुघ्घर आंगनबाड़ी बनाने स्वमूल्यांकन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर रेडी-टू-ईट से बने पौष्टिक व्यंजन, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों, भाजियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि पोषण माह सभी प्रकार के कुपोषण को दूर करने के लिए लोगों को संगठित करने और पोषण को प्राथमिकता देने का एक अवसर है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कुपोषण मुक्ति के लिए पोषण अभियान के अलावा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू किया गया है। जिससे प्रदेश में कुपोषण में कमी आयी है। महिलाओं में एनीमिया में भी कमी देखी गई है। इसकी दूसरे प्रदेशों में भी तारीफ हो रही है। घर-घर जाकर सुपोषण के प्रति जागरूक करने से धीरे-धीरे आम लोग भी कुपोषण मुक्ति के अभियान जुड़ते जा रहे हैं। पहले की अपेक्षा महिलाएं जागरूक हुई हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को भी पोषण का महत्व समझाना चाहिए, जिससे वे आने वाली मजबूत पीढ़ी के लिए तैयार हो सकें।

# 25 सितम्बर को फार्मासिस्ट कॉन्फ्रेंस

इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक में हुआ फैसला, संगठन का विस्तार भी हुआ

**रायपुर।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसीएशन-IPA 25 सितम्बर को रायपुर में फार्मासिस्ट कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहा है। इसका फैसला IPA छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच की बैठक में हुआ। रायपुर के बैस भवन में हुई बैठक में आयोजन के संबंध में पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी बांटी गई। इस दौरान 17 वें डिस्ट्रिक्ट ब्रांच गरियाबंद की कार्यकारिणी भी गठित हुई।



पदाधिकारियों ने बताया, IPA छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच में अभी तक 1200 पंजीकृत फार्मासिस्ट विधिवत सदस्यता ले चुके हैं। बैठक में उपस्थित विभिन्न ज़िलों के फार्मासिस्टों की समस्याओं को सुना गया एवं उसके निराकरण हेतु संबंधित ज़िलों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। 25 सितंबर विश्व फार्मासिस्ट दिवस है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट कॉन्फ्रेन्स आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कॉन्फ्रेन्स को भव्य बनाने के लिए IPA पदाधिकारियों ने अपना विचार साझा किए। बताया गया कि इस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के साथ-साथ देशभर से फार्मासिस्टों और फार्मेसी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाना है। बताया गया, छत्तीसगढ़ में 25 हजार पंजीकृत फार्मासिस्ट हैं। यह संगठन उनके हित में काम कर रहा है। प्रदेशभर में IPA के लगभग 200 पदाधिकारी विभिन्न ज़िलों में नियुक्त हैं।

# जीडीपी की विकास दर की निरंतर बनी रहे, तब आराम से आत्मनिर्भर हो जाएगा भारत

वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून की तिमाही में देश की सकल घरेलू विकास (जीडीपी) दर 13.5 फीसदी हो गई, जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे तेज है। विकास दर में यह तेज वृद्धि कृषि एवं विनिर्माण में सुधार तथा सेवा क्षेत्र के लगभग पूरी तरह से खुल जाने के कारण हुई है। हालांकि, यह वृद्धि अब भी रिजर्व बैंक के हालिया पूर्वानुमान (16.2 फीसदी) से कम है। 51 अर्थशास्त्रियों वाले रॉयटर्स सर्वेक्षण में भी अपने यहां पहली तिमाही में 15.2 फीसदी सालाना विकास दर की भविष्यवाणी की गई थी।

इसलिए 13.5 फीसदी का आंकड़ा भले मजबूत दिख रहा हो, लेकिन रिजर्व बैंक एवं बाजार की उम्मीदों से कम है। पिछले साल इसी अवधि में भारत की जीडीपी में 20.1 फीसदी की वृद्धि हुई थी। यह काफी हद तक कोविड-19 और लॉकडाउन के कारण कम आधार रखे जाने के कारण था। इसके चलते अप्रैल-जून 2020 में जीडीपी में -23.8 फीसदी की बहुत तेज गिरावट देखी गई। इस संख्या को संदर्भ में रखने के लिए, आइए, कोविड पूर्व जीडीपी की तुलना जीडीपी पर कोविड के तीन वर्षों के प्रभाव से करते हैं।

अप्रैल से जून, 2018 के दौरान जीडीपी 33.82 लाख करोड़ रुपये थी। यह अप्रैल से जून, 2019 में बढ़कर 35.49 लाख करोड़ रुपये हो गई। जैसे ही कोविड लॉकडाउन ने अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया, अप्रैल से जून, 2020 के दौरान जीडीपी तेजी से गिरकर 27.04 लाख करोड़ रुपये रह गई। अप्रैल से जून, 2021 में जीडीपी 32.46 लाख करोड़ रुपये थी। यह कोविड लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत था। हालांकि, इस अवधि के दौरान महामारी की दूसरी लहर अपने चरम पर थी और इसका आर्थिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस वर्ष अप्रैल से जून तक जीडीपी 36.85 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। हम जिस 13.5 फीसदी की बात कर रहे हैं, यह वही है। यदि हम वर्ष 2018 से इसकी तुलना करें, तो हमने चार वर्षों में कुल 8.9 फीसदी वृद्धि देखी है। यदि 2019 से तुलना करें, तो हमने तीन वर्षों में कुल 3.8 फीसदी की वृद्धि देखी है। तीन वर्षों के बाद यह पहली बार है, जब अर्थव्यवस्था कोविड लॉकडाउन के झटके से उबरी है। कुल मिलाकर, 2019-2022 की तुलना में 3.8 फीसदी वृद्धि के साथ, हमने कोविड के कारण अर्थव्यवस्था में तीन साल की वृद्धि खो दी है। अगर हम इन वर्षों के उतार-चढ़ाव को नजर अंदाज करें और 2019 से 2022 की तुलना करें, तो यह पिछले तीन वर्षों में 1.2 फीसदी सालाना से कम की वृद्धि में तब्दील हो जाता है। यह 1.2 फीसदी की वृद्धि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था में गरीबी घटाने और कल्याणकारी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। कोविड महामारी का प्रभाव स्पष्ट रूप से बहुत ज्यादा रहा है। केंद्र सरकार ने व्यापार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) बढ़ाने के लिए कई प्रशंसनीय पहल की हैं।




**आर्थिक प्रभुत्व की ओर**

**आत्मनिर्भर भारत, मुद्रा ऋण, मेक इन इंडिया फॉर वर्ल्ड जैसी क्षेत्रवार लक्षित उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और रक्षा एवं उपभोक्त । इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आयात प्रतिस्थापन जैसी पहलों ने भविष्य के लिए एक मजबूत विकास मंच तैयार किया है।**

इससे विनिर्माण एवं निर्यात क्षेत्र में तेजी आई है। आत्मनिर्भर भारत, मुद्रा ऋण, मेक इन इंडिया फॉर वर्ल्ड जैसी क्षेत्रवार लक्षित उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं और रक्षा एवं उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आयात प्रतिस्थापन जैसी पहलों ने भविष्य के लिए एक मजबूत विकास मंच तैयार किया है। कृषि के मोर्चे पर भी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मुफ्त खाद्यान्न सुरक्षा तथा उच्च उर्वरक व खाद्य सब्सिडी के साथ-साथ उच्च एमएसपी और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के जरिये क्षेत्रीय विकास में मदद मिली है। राजस्व के मोर्चे पर, जीएसटी और प्रत्यक्ष कर-दोनों ने बेहतर अनुपालन, कम रिसाव और अंतर्निहित अर्थव्यवस्था में सुधार के आधार पर अच्छी वृद्धि दिखाई है। प्रत्यक्ष कर ने, जिसमें व्यक्तिगत कर के साथ कॉरपोरेट कर भी शामिल हैं, मौजूदा वित्त वर्ष में तेज वृद्धि दिखाई है। सरकार द्वारा इस वर्ष अपने कर संग्रह लक्ष्य को पार करने की उम्मीद है। वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखें, तो चीन की सुस्ती, यूरोप में आसन्न मंदी की आशंका और अमेरिकी अर्थव्यवस्था की सुस्ती भी भविष्य में भारत की जीडीपी को प्रभावित करने वाली है।

अजय बग्गा

## संपादकीय

### सुशासन बाबू की नई सरकार क्या जंगलराज ?

भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाये जाने एवं महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी देने के नाम पर गहरा सन्नाटा पसरा है, कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है । बिहार में नई सरकार में कानून मंत्री बने राष्ट्रीय जनता दल के विधायक कार्तिकेय सिंह है । जिन्हें पटना के दानापुर में अदालत के सामने समर्पण करना था, मगर ये राजभवन में शपथ लेने पहुंच गये ।

बिहार में नीतीश कुमार को सुशासन बाबू के तौर पर जाना जाता है जिन्होंने राज्य में अपराध के खात्मे की घोषणा के बूते ही अपने राजनीतिक कद को ऊंचा किया । लेकिन ताजा उलटफेर में जिन लोगों को मंत्रिमण्डल में शामिल किया गया है, उनमें से कई पर लगे आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल में जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, ये हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते है ? गौरतलब है कि 2014 में कार्तिकेय सिंह सहित सत्रह अन्य लोगों पर पटना के बिहटा थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था । कार्तिकेय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने एक बिल्डर को मारने के मकसद से अपहरण की साजिश रची थी ।

# मानवीय दखल से धूमिल होती प्राकृतिक सुंदरता, इसे रोकना होगा

मणिपुर का नाम मणि' पड़ने का यदि कोई सबसे सशक्त कारण नजर आता है, तो वह है लोकटक झील। विष्णुपुर जिले में स्थित यह झील पूर्वी भारत की सबसे विशाल प्राकृतिक जलनिधि है। हाल ही में लोकटक विकास प्राधिकरण ने झील में बनी झोपड़ियों और मछली पकड़ने के लिए स्थापित अथाफुम्स को हटाने के आदेश दिए हैं। इससे मैती जनजाति के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। यही समुदाय पीढ़ियों से इस अनूठी झील की देखभाल करता रहा है।

जलमुर्गियों के आवास तथा कई अन्य जानवरों, मछलियों और वनस्पतियों को समेटे हुए यह झील राज्य के समाज, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, संस्कृति और परिवहन व्यवस्था की पहचान है। कुछ साल पहले तक यह झील 2,23,000 हेक्येटर में फैली थी, जो अब सिकुड़ कर 26,000 हेक्टेयर रह गई है। इस झील में 12 द्वीप हैं, जिनमें से चार पर आबादी है। इसके किनारे पांच शहर और 54 गांव हैं। इस झील की खासियत है, इसमें तैरते हुए 600 से अधिक मकान।

पानी में उगने वाली घास, वनस्पति और मिट्टी के मिश्रण से बनी मोटी परतों को स्थानीय भाषा में फुगदी या फुमडीज कहा जाता है, जो इस झील की खासियत है। इन फुगदी के स्थलीय भाग का पांचवां हिस्सा जल की सतह पर तैरता है, जबकि शेष भाग पानी में डूबा होता है। इसलिए ये तैरते हुए विशाल द्वीप की तरह दिखते हैं। लोकटक में इन्हीं तैरती फुगदी पर बस्तियां तो हैं ही, इसके दक्षिण में दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ संरक्षित वन केईबुल लामजाओ नेशनल पार्क भी है।

**लोकटक झील की त्रासदी**



**संकट की शुरुआत 1971 में सिंचाई व बिजली मंत्रालय की लोकटक बहुउद्देशीय बिजली परियोजना से हुई। वर्ष 1979 में लोकटक व इंफाल नदी को जोड़ने वाले खोरडक कट पर स्थायी बांध बन गया। इससे झील की प्राकृतिक सफाई बंद हो गई, जिससे पानी की हालत खराब हो रही है।**

यहां देशज, दुर्लभ और संकटग्रस्त संगई हिरणों का डेरा है। मैती आदिवासी इस फुगदी को एक छल्ले के आकार में ढालते हैं और उसमें मछली का जाल लगा देते हैं। यहां जाल में आ गई मछलियों को अच्छा पौष्टिक आहार मिलता है और वे कुछ ही समय में बड़ी व भारी हो जाती हैं। इस संरचना को ही अथाफुम्स कहा जाता है, जिसे हटाने पर सरकार आमादा है। सरकार का कहना है कि मानवीय दखल के कारण हो रहे पर्यावरणीय नुकसान से झील को बचाना जरूरी है, सो स्थानीय लोगों द्वारा पर्यटकों के लिए झील के भीतर बनाई झोपड़ियों को हटाना होगा।

सरकार लोकटक झील संरक्षण अधिनियम, 2006 का हवाला देकर कह रही है कि इस संरक्षित क्षेत्र में झोपड़ी बनाना अवैध है। स्थानीय समुदाय का दावा है कि वे तो कई सदियों से इस झील में ही झोपड़ी बनाकर रहते आए हैं। चूंकि स्थानीय समुदाय पर्यटकों को यहां रखकर कुछ कमा लेता है, वही सरकार को खटक रहा है, जो ईको टूरिज्म के नाम पर यहां बड़ी कंपनियों के होटल खोलने की योजना पर काम कर रही है। यदि सरकार अपनी मंशा में सफल हुई, तो करीब 30,000 लोगों का घर और रोजगार संकट में होगा।

संकट की शुरुआत 1971 में सिंचाई व बिजली मंत्रालय की लोकटक बहुउद्देशीय बिजली परियोजना से हुई। वर्ष 1979 में लोकटक व इंफाल नदी को जोड़ने वाले खोरडक कट पर स्थायी बांध बन गया। इससे झील की प्राकृतिक सफाई बंद हो गई, जिससे पानी की हालत खराब हो रही है। बांध बनने के बाद मछलियों की कई प्रजातियां विलुप्त हो गईं और झील में पैदा होने वाली कई साग-सब्जियों का उगना रुक गया। लोकटक पर आबादी बढ़ने की शुरुआत बिजली घर परियोजना के समय ही हो गई थी।

पंकज चतुर्वेदी

## मिला जुला

# फसल बीमा राशि का किसानों को अब तक भुगतान नहीं

### सैकड़ों किसान कलेक्टर जन चौपाल में पहुंचे फरियाद लेकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा कराने और फ़सल क्षति होने पर क्लेम किए जाने के बाद भी क्लेम का भुगतान न होने से किसान परेशान हैं। आए दिन प्रशासन के समक्ष पीडित किसान समस्या लेकर पहुंचते हैं। मंगलवार को भी उक्त समस्या से परेशान जिले के बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम जुनवानी खुर्द के सैकड़ों किसान फ सल क्षति होने और बीमा क्लेम के लिए आवेदन करने के बाद क्लेम की राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर जिला कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर जनचौपाल में करीब डेढ सौ की संख्या में पहुंचे किसानों में घनश्याम, बलीराम, सेवाराम, रामाधार, कृष्णा पटेल, माखन, हीराराम, मनसाय और कोमलसिंह ने बताया कि उन्होंने शासन की फ सल बीमा योजना के तहत साल 2021.22 में अपनी फ सलों का बीमा कराया था। फसल क्षति के बाद उन्होने क्लेम के लिए आवेदन किया था लेकिन आज पर्यंत उन्हें क्लेम की राशि नहीं मिली है। किसानों ने बताया कि क्लेम की मांग को लेकर वे कई बार बागबाहरा कृषि विभाग में भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन आज तक राशि उन्हें नहीं मिल पाई है। किसानों ने ज्ञापन सौंपकर जिला प्रशासन से क्लेम की राशि दिलाए जाने की मांग की है।

### समान विचारों वाली पार्टियों को साथ लाने पर सहमति

# राहुल-नीतीश की बैठक में विपक्षी एकता पर हुई बात

**नई दिल्ली।** 2024 के चुनाव को लेकर विपक्ष सक्रिय हो गया है. अगर बीजेपी एक तरफ हारी हुई सीटों पर बाजी पलटने की रणनीति तैयार कर रही है, तो विपक्ष का खेमा भी एकजुट होने की कवायद में लग गया है. इस समय इस कवायद की सबसे बड़ी कड़ी हैं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिन्होंने पिछले महीने ही बिहार में ऐसा सियासी खेला किया कि बीजेपी को एक राज्य में सत्ता से ही बेदखल कर दिया गया. अब वो नीतीश कुमार दिल्ली दौरे पर आए हैं. दिल्ली में भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की है.



#### फिर विपक्षी एकता का नारा बुलंद

राहुल गांधी के साथ भी नीतीश कुमार की जो बैठक हुई है, उसमें विपक्षी एकता पर खासा जोर दिया गया. कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इस बात पर सहमति बनी है समान विचारधारा वाली पार्टियों को साथ आना होगा. बीजेपी के खिलाफ एकजुट विपक्ष को चुनौती पेश करनी होगी. अब ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्षी एकता की बात की गई हो. इसकी शुरुआत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की थी. बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी को शिकस्त देने के बाद उनका कद काफी ज्यादा बढ़ गया था. लेकिन फिर बाद में ईडी-सीबीआई की जांच में उनके मंत्री ऐसे फंसे कि उनकी दावेदारी और सक्रियता दोनों कम हो गई।

#### ममता ने की कोशिश, अब नीतीश की बारी

*बीच में कुछ समय के लिए महाराष्ट्र की राजनीति से भी ऐसे संकेत मिले थे कि वहां शरद पवार भी विपक्षी एकजुटता में लगे हुए थे. लेकिन एकनाथ शिंदे ने बगावत की और महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी को ही सत्ता से बाहर कर दिया. ऐसे में बंगाल और महाराष्ट्र के बाद बिहार में बड़ा राजनीतिक उलटफेर हुआ. नीतीश कुमार ने एनडीए से अलग होने का फैसला कर लिया. उन्होंने तेजस्वी यादव से हाथ मिलाया, फिर महागठबंधन के साथ जाने का ऐलान किया और फिर आठवीं बार सीएम पद की शपथ ली.*

# काबुल में रूसी दूतावास के बाहर जोरदार धमाका

### दो राजनयिकों समेत 20 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को रूसी दूतावास के गेट पर धमाका हुआ। बताया जाता है कि जिस वक्त यह धमाका हुआ वहां पर लोग वीजा के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए थे। जानकारी के मुताबिक इस धमाके में दूतावास में तैनात दो राजनयिकों समेत 20 लोगों की मौत हुई है।



रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के मुताबिक यहां पर कई लोग वीजा के लिए लाइन लगाकर खड़े थे। एक रूसी राजनयिक आवेदकों का नाम पुकारने के लिए बाहर निकला। ठीक उसी वक्त यह धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक धमाका करने वाला एक आत्मघाती हमलावर था। हमले के बाद वह अंदर की तरफ जा रहा था, उसी वक्त हथियारबंद गार्ड्स ने उसे मार गिराया।

फिलहाल किसी संगठन ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि तालिबान के सत्ता में आने के बाद से अफगानिस्तान में हुआ यह पहला धमाका है। .

# छग प्रदेश गांड़ा समाज जिला महासमुन्द का कार्यभार चंपत लाल चौहान को

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

महासमुंद जिला के सरायपाली में हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज के हुए सामाजिक बैठक में गाड़ा समाज के प्रांत अध्यक्ष व सरायपाली के पूर्व विधायक रामलाल चौहान के नेतृत्व में जिला स्तरीय सामाजिक जनों का आकस्मिक बैठक सरायपाली स्थित वीरेंद्र नगर के समाज के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। जिसमें सरायपाली, बसना, पिथौरा, महासमुंद,सहित पूरे जिले के लगभग 300 समाजिक जनों के बीच में गाड़ा समाज के पिथौरा ब्लाक के अध्यक्ष रहे चंपत लाल चौहान के उपर भरोसा जताते हुए उन्हें हाल ही में छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज 5322 के पूर्व जिला अध्यक्ष के आर मुखर्जी के बर्खास्त होने के बाद उनके जगह पर चंपतलाल चौहान को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिससे पूरे जिले में गांड़ा समाज जनों के बीच हर्ष का माहौल बना हुआ है। चंपतलाल चौहान पेशे से शिक्षक हैं एवं महासमुंद जिले में समाज में



उनकी अच्छी पकड़ मानी जा रही है। वह बहुत ही सरल सहज एवं समाज के प्रति गंभीरता से पेश आने वाले एवं बेदाग छवि होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष रामलाल चौहान एवं पूरे महासमुंद जिले के गांड़ा समाज के सामाजिक बंधुओं ने उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में स्वीकारा किया है सामाजिक गलियारों में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि अभी जिला अध्यक्ष एवं परी क्षेत्र एवं ब्लॉक अध्यक्षों के चुनाव होने हैं जिसमें भविष्य में उन्हें ही कार्यकारी अध्यक्ष के पद के बाद जिला अध्यक्ष बनाने की चर्चा चल रही है। चंपतलाल चौहान शिक्षक होने के नाते समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा स्वास्थ्य एवं सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कार्य करने के लिए अभी से रोडमैप तैयार करने लगे हैं। जिससे महासमुंद जिला में एक बार फिर सामाजिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

* कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज ने मुझे जिला का जिम्मेदारी सौंपी है निश्चित तौर पर मेरी जिम्मेदारी बढ़ गई है मैं समाज के द्वारा दिया गया मेरे दायित्व का पूर्ण रूप से निर्वहन करने की कोशिश करूंगा समाज जनों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

**- चम्पत लाल चौहान**

# महाराजा अग्रसेन की जयंती को यादगार बनाने में जुटे अग्र बंधुगण

## कोतरा रोड़ जोन की हुई बैठक, राजेन्द्र अग्रवाल सहित 4 अग्र महिलाओं को बनाया गया प्रभारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





शहर के अग्र समाज की परंपरा रही है अपने कुलदेवता महाराजा अग्रसेन की जयंती को ऐतिहासिक एवं यादगार ढंग से मनाने की जिसमें समाज के सभी लोग मिलकर आयोजन को हमेशा भव्यता देते आ रहे हैं। वहीं इस बार भी महाराजा अग्रसेन जी की 5147 वीं जयंती को भव्यता देने में अग्र समाज के सभी वर्ग के लोग जुटे हुए हैं। वहीं इसी आयोजन को नव्यता देने में अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के प्रमुख प्रभारी सुनील लेंध्रा और उप प्रभारी मुकेश गोयल के विशेष मार्गदर्शन में अनवरत मीटिंग का आयोजन अग्र जोन वर्ग और प्रमुख स्थानों में की जा रही है। कार्यक्रम की इसी रुपरेखा के अंतर्गत शहर के कोतरारोड़ स्थिति पूजा हेंडलूम में विगत पांच सितंबर की शाम को मीटिंग की गई।

### समाज के लोग दे रहे सुझाव

वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया ने बताया कि इस बार अग्रसेन जयंती की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के हर वर्ग के लोगों में बेहद उत्साह नजर आ रहा है और कार्यक्रम की रुपरेखा में भी बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं व अपने-अपने ढंग से बेहतर सुझाव भी अभिव्यक्त कर रहे हैं। सुझाव के पश्चात पुन: निर्णय लेकर उस आयोजन को भव्यता देने में प्रयासरत हैं। इसी तरह कोतरारोड़ में भी कार्यक्रम की रुपरेखा को लेकर समाज के लोगों ने अपने विचार को समाज के समक्ष रखे। इसी तरह महिलाओं व युवतियों ने भी महाराजा की जयंती को भव्यता देने में व स्वस्थ मनोरंजनात्मक प्रतियोगिता व कार्यक्रम को लेकर अपने सुझाव दिए। वहीं सभी लोगों का महत्वपूर्ण सुझाव लेने के पश्चात एक बार पुन: जयंती के पहले सभी आयोजन को फायनल किया जाएगा।

### राजेन्द्र अग्रवाल सहित 4 अग्र महिलाओं को बनाया गया प्रभारी

अग्रसेन जयंती के लिए कोतरा रोड जोन के लिए राजेन्द्र अग्रवाल, मीना अग्रवाल अपनी रसोई 28 रुक्मणी विहार कालोनी कोतरा रोड़ मो. 7697686256, ममता गर्ग अरोमा कैफे, रुक्मणी विहार के सामने, कोतरा रोड़ मों 9826659810, रमा अग्रवाल रुक्मणी विहार कालोनी,कोतरा रोड़ मो 9300936769, सुनीता अग्रवाल बस डिपो रोड़ मो.8839883830 को जोन प्रमुख बनाया गया है।

# अति गंभीर एनीमिक महिलाओं को ट्रेस कर तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं-कलेक्टर रानू साहू

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सीएमएचओ डॉ.केशरी को जिले के एनीमिक महिलाओं को ट्रेस करने के निर्देश दिए। एनीमिक महिलाओं की स्वास्थ्यगत समस्याओं को देखते हुए सभी पीएचसी में आयरन सुक्रोज उपलब्ध कराने के साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने महिला बाल विकास अधिकारी को मितानिन व कार्यकर्ता के माध्यम से एनीमिक महिलाओं को चना, फल्ली एवं गुड़ खाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। जिससे एनीमिक महिलाओं को लाभ प्राप्त हो सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा एवं आयुक्त नगर निगम श्री संबित मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर साहू ने जिले के निर्माणाधीन सड़कों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश। इस दौरान उन्होंने वन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सड़क निर्माण की धीमी गति की जानकारी होने पर डीएफओ एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में आ रही समस्या का निराकरण कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दी। इस दौरान उन्होंने भू-अर्जन मुआवजा वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर साहू ने भू-अर्जन सर्वे के लिए पटवारी एवं आरआई की टीम बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को भू-अर्जन मुआवजा वितरण के संबंध में आवश्यक प्रपत्र बनाने को कहा, जिससे प्रभावितों को समय से मुआवजा वितरण किया जा सके। बैठक में सभी एसडीएम को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, जिससे पात्र हितग्राही योजना से लाभान्वित हो सके। कलेक्टर साहू ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेते हुए डीएफओ धरमजयगढ़ को जनहानि एवं संपत्ति हानि का आंकलन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने हाथी से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। डीएफओ धरमजयगढ़ ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथियों के चहल कदमी की जानकारी होते ही ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ ही हाथी मित्र दल का सहयोग लिया जाता है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने गौठानो की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि को गौठानों में गोबर खरीदी एवं वर्मी कंपोस्ट निर्माण में वृद्धि करने के निर्देश दिए।

# जनदर्शन में मौके पर बना दो लोगों का राशन कार्ड, आवेदिका ने कलेक्टर को कहा बहुत-बहुत धन्यवाद

## प्रमिला तिग्गा को विधवा पेंशन दिलाये जाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आज दोपहर कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन हुआ। जिसमें कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने विकासखण्ड खरसिया जैमुरा निवासी जावा बाई बंजारे एवं अमलीडीह के आरती देवी कहार को पात्र पाये जाने पर मौके पर ही तत्काल राशन कार्ड बनवाकर प्रदाय किया। दोनों हितग्राहियों ने कलेक्टर को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। जनदर्शन में लगभग 100 से ऊपर लोग अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर साहू ने सभी आवेदनों को बारीकी से देखा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती साहू ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में जो भी केसेस आते है उसे तुरंत निराकृत करते हुए कलेक्टर कार्यालय एवं संबंधित आवेदकों को भी सूचित करें। ताकि आगे आवेदक को किसी भी प्रकार से इधर-उधर भटकना न पड़े। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में आज विकासखण्ड पुसौर के ग्राम मिड़मिड़ा के समस्त पालकगण पहुंचे थे। उनका कहना था कि शा.पू.मा.शाला मिड़मिड़ा में वर्तमान में सिर्फ तीन शिक्षक पदस्थ है। जिसमें से दो शिक्षक 6-6 कालखण्ड का अध्यापन कर रहे है तथा एक शिक्षक शैक्षिक समन्वयक के पद पर कार्यरत है जो संकुल के कार्यों एवं बैठकों, प्रशिक्षण आदि में व्यस्त रहते है, जिसकी वजह से बच्चों का सही अध्यापन नहीं हो पा रहा है। सभी पालकों ने अपने बच्चों का भविष्य को देखते हुए कलेक्टर से वहां तत्काल अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना करने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्रीमती साहू उनके आवेदन को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। ग्राम-भगोरा के रतलाल राठिया ने अपनी पत्नी की अस्पताल में डिलीवरी के दौरान हुई मृत्यु के जांच कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उनका कहना था कि शुरू माह से डिलीवरी होते तक जांच उपरांत उनकी पत्नी की स्थिति ठीक थी, किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं पायी गयी थी। लेकिन डिलीवरी के समय पर अचानक मृत्यु होना संदेहादस्पद लग रहा है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने सीएमएचओ डॉ.केशरी को इस संबंध में तत्काल जांच करवाने के निर्देश दिए। रायगढ़ के रामभांठा निवासी प्रमिला तिग्गा अपने छोटे बच्चों को लेकर विधवा पेंशन दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्ष पहले पति की मृत्यु हो गयी है।

पति के मृत्यु के बाद दो छोटे-छोटे बच्चों के पालन-पोषण के साथ परिवार चलाने में आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में वे रोजी-मजदूरी का काम करती है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया कि शासन के नियमानुसार विधवा पेंशन मिल जाता तो, परिवार चलाने में आसानी होती थी। कलेक्टर श्रीमती साहू ने समाज कल्याण अधिकारी को तत्काल इनके आवेदन पर निराकरण करते हुए विधवा पेंशन दिलाए जाने के निर्देश दिए। ग्राम-बरपाली के संयुक्त खातेदार राजीव गांधी न्याय योजना अंतर्गत बोनस राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर ने संबंधित आवेदन पर जांच कार्यवाही करते हुए बोनस राशि दिलाये जाने के निर्देश दिए। ग्राम ठेंगागुड़ी निवासी नारायण प्रधान ठेंगागुड़ी में नवीन प्राथमिक शाला भवन एवं अहाता निर्माण कराये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि ठेंगागुड़ी का प्राथमिक शाला भवन एवं उसका अहाता पहले से बहुत जर्जर स्थिति में था। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उसे क्षेत्र में आये बाढ़ के कारण वहां की स्थिति और अत्यंत जर्जर हो गयी है। जिससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका है। कलेक्टर श्रीमती साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल स्कूल का निरीक्षण करने एवं उसका जीर्णोद्धार करवाने के निर्देश दिए।

एक नजर

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं व निर्देशों के क्रियान्वयन का विस्तृत समीक्षा

### किसी गोठान में गोबर खरीदी बंद नहीं होनी चाहिए

**सुकमा** । मंगलवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री हरिस. एस द्वारा जिले में भेंट मुलाकात के दौरान किए गए मुख्यमंत्री की घोषणाओं व निर्देशों के क्रियान्वयन का विभाग वार विस्तृत समीक्षा किया गया। उन्होंने गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर व गोमूत्र संबंधित क्रय व विपणन की जानकारी प्राप्त करते हुए गोबर खरीदी की मात्रा बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि गोबर खरीदी कार्य सतत चलने वाला कार्य है और किसी गोठान में गोबर खरीदी बंद नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री हरिस. एस ने ग्रामीण, नगरीय और वन विभाग के अंतर्गत संचालित उन सभी गोठानों में जहां गोबर खरीदी कम या नहीं हो रही है खरीदी की मात्रा बढ़ाने के सख्त निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही गोमूत्र क्रय व विपणन की जानकारी ली। उन्होंने गोधन न्याय योजनान्तर्गत शासन द्वारा जारी किए गए लाभांश राशि, गोबर खरीदी, वर्मी खाद विक्रय की राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने देवगुड़ी में वृक्षारोपण और तार फेंसिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान ''धान के बदले अन्य फसल'' और जैविक खेती के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना अंतर्गत पंजीयन व प्रकाशन तथा राशि वितरण के संबंध में जानकारी ली।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री हरिस. एस ने राजस्व विभाग, लोक सेवा केन्द्र, जल जीवन मिशन, पीडीएस, कोविड टीकाकरण, मलेरिया टेस्ट व ईलाज, धन्वंतरि मेडिकल स्टोर, जाति व मूल निवास प्रमाणपत्र आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## दो नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को शासकीय सेवा में मिली नियुक्ति

**जगदलपुर** । नक्सल पीड़ित व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य में से किसी एक को चतुर्थ श्रेणी के पद पर शासकीय सेवा में नियुक्ति दिए जाने के प्रावधान के तहत आदिवासी विकास विभाग के द्वारा दो नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को नियुक्ति दी गई। बस्तर कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत हडमी मडकामी को कन्या आश्रम कलेपाल विकासखण्ड दरभा और पार्वती नाग को कन्या आश्रम रानसरगीपाल विकासखंड तोकापाल में चतुर्थ वर्ग भृत्य के लिए नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो कि नक्सल पीड़ित व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य में से किसी एक को चतुर्थ श्रेणी के पद पर शासकीय सेवा में नियुक्ति दिये जाने के प्रावधान है, एवं अशिक्षित आवेदक को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में छूट देने का अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान किया गया है। आवेदक को शैक्षणिक योग्यता में छूट प्रदान करते हुये छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशों के परिपालन में नक्सली हिंसा में परिवार के मुखिया की मृत्यु होने पर उनके परिवार के आश्रित सदस्य को आकस्मिकता निधि अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने के निर्देश के फलस्वरूप नक्सली हिंसा में मृत व्यक्ति के आश्रित पत्नी को आकस्मिकता निधि स्थापना अन्तर्गत (कलेक्टर दर) स्वीकृत पद के विरूद्ध अस्थायी रूप से अनुकम्पा नियुक्ति दिया गया हैं।

## अग्रसेन जयंती प्रतियोगिता महाकुंभ का शुभारंभ

**कोरबा** । महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुभ का षुभारंभ आज अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अग्रसेन प्रीमियर लींग (एपीएल) मैच के साथ हुआ महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ की षुभारंभ माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन कि प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ किया गया । अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कांत बुधिया के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर अग्रवाल सभा सभी कार्यकारणी के द्वारा गुब्बरे छोडे गये और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया अग्रवाल सभा के अध्यक्ष कांत बुधिया ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है अग्रबन्धु ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सम्मलित हुये और प्रतिभागियों को अपनी शुभकांमनाऐ दी । प्रथम प्रतियोगिता अग्रसेन प्रीमियम लींग (एपीएल) मैच का अयोजन अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया गया जिसमें 10 टीमों ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता का अयोजन नवयुवक मंच के द्वारा किया गया जिसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को अपनी टीम स्वयं बना कर लानी थी।

## यातायात पुलिस ने यातायात सुरक्षा मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया

### यातायात नियमों का पालन करें, स्कूल-पार्क के सामने वाहन धीरे चलायें, फोर व्हीलर में सीट बेल्ट और टू-व्हीलर में हेलमेट लगाएं

**जगदलपुर** । यातायात पुलिस ने यातायात सुरक्षा मित्र कार्यक्रम का आयोजन कर नेशनल हाइवे -30 पर स्थित मुंजला गांव में लोगों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारियां दीं। इस दौरान यातायात प्रभारी एसएस गेंदले ने सड़क सुरक्षा से जुड़ी जरूरी बातें साझा करते हुए ग्रामीणों को बताया कि दुर्घटना से देर भली ज्यादातर दुर्घटनाएं तेज वाहन चलाने से होती हैं। वाहन नियंत्रण में चलाएं और परिवार के सदस्यों का जीवन सुरक्षित बनाएं। उन्होने बताया कि सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। स्कूल या पार्क के सामने वाहन धीरे चलाना चाहिए। साथ ही फोर व्हीलर में सीट बेल्ट और टू-व्हीलर में हेलमेट जरूर पहनना चाहिए। यातायात प्रभारी ने कहा कि जीवन अनमोल है, न सिर्फ हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करना है। यातायात नियमों का पालन करेंगे, तो दीर्घायु रहेंगे।

# रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा किया गया कई स्थानों पर पौध वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा चलाए जाने वाले पर्यावरण संरक्षण से नगर के वार्ड संख्या 14 में लोगों के बीच गत 2 सितम्बर को पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं दूसरे दिन विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम सम्बलपुरी व नवागांव में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से पौधरोपण व पौध वितरण किया गया। नगर के वार्ड संख्या 14 के पार्षद अनुपमा यादव और कांग्रेस नेता शाखा यादव के सहयोग से वार्ड के लोगों में पौध वितरण किया गया। इस अवसर वार्ड के लोगों ने पर्यावरण संरक्षण रथ से अपने आवश्यकता के अनुरूप घरों और बाड़ी आदि में पौधा रोपित करने के उद्देश्य से लिए। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा चलाए जाने वाले पर्यावरण संरक्षण गतिविधि को कांग्रेस नेता शाखा यादव ने प्रशंसनीय बताया और कहा कि आज हमारे समक्ष प्रदूषण के कारण कई भयावह समस्याएं खड़ी हो रही हैं। आगे उन्होंने कहा कि प्रदूषण के कारण वर्तमान परिप्रेक्ष्य यह देखने को मिल रहा है कि विश्व के कई देशों को बाढ़ की विभीषिका का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा चलाया जाने वाला यह अभियान मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है। वहीं सम्बलपुरी व नवागांव में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण व पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से आत्मा राम चौहान, ग्राम सरपंच रामलाल राठिया, ग्राम में पदस्त मितानिन पूर्णिमा चौहान, गोपीकुमारी राठिया, लक्ष्मीन राठिया, रामबाई बसोड़, सुकान्ति भास्कर, कमला राठिया, सुकूंवर बसोड़ और स्थानीय आंगनबाड़ी में पदस्त प्रतिभा तिवारी व पवित्रा राठिया आदि ने उपस्थित होकर नवागांव स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उसके बाद गांव के लोगों ने पर्यावरण संरक्षण रथ से अपने आवश्यकता के अनुरूप घरों और बाड़ी आदि में रोपित करने हेतु पौधे लिए।



# मनरेगा से हुआ भूमि का कायाकल्प, सिंचाई नाली निर्माण से 250 से 300 एकड़ भूमि हुआ सिंचित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत कार्यों से ग्रामीण अंचल में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। योजना से लोगों को न सिर्फ काम मिला है बल्कि उनके लिये आर्थिक विकास के कई रास्ते खुलने लगे हैं। कृषक अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर रहते है, लेकिन सिंचाई की सुविधा न हो पाने पर वे कृषि कार्य कर पाने में असमर्थ हो जाते है। वर्षा अधारित कृषि करने से किसान एक ही फसल ले पाते है, लेकिन आज सिंचाई नाली निर्माण से किसानों को अधिक लाभ मिल रहा। इससे अब किसान अल्प वर्षा की स्थिति में पानी की समस्या से जूझना भी नही पड़ रहा है। आज जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य को बढ़ावा देकर आजीविका के साधनों को बढ़ाने व प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है।

इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है, अमझर के आश्रित ग्राम मकरी के किसान जो जिले के सारंगढ़ जनपद अंतर्गत आता है। ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत अमार के आश्रित ग्राम मकरी में मनरेगा योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत 19.66 लाख रूपए की सिंचाई नाली निर्माण से ग्राम मकरी व अमझर के सैकड़ों किसान लगभग 250 से 300 एकड़ भूमि में सिंचाई सुविधा का लाभ ले पा रहे हैं । सिंचित भूमि विस्तार से किसान अब धान की खेती के साथ-साथ सब्जी-भाजी व दलहन की खेती कर रहे है। सिंचाई नाली निर्माण कार्य मकरीदरहा जंगल से किसान के खेतों तक बनाया गया है जो कि जंगल से उतरने वाले सारे पानी को सिंचाई नाली निर्माण के माध्यम से खेतों तक कृषि कार्य के लिये पहुंचाती हैं। पूर्व में उक्त स्थल पर कच्ची सिंचाई नाली बनी हुई थी, जिससे किसानों के खेतों में सिंचाई के लिये पानी बहती थी, परंतु जंगल की मिट्टी कच्ची नाली होने ने कारण नाली पूरी तरह से बंद हो चुकी थी। ग्रामीणों द्वारा पुन: सिंचाई का लाभ लेने के लिये पक्की सिंचाई नाली का मांग किये जाने पर जिला पंचायत द्वारा पक्की सिंचाई नाली निर्माण कार्य का स्वीकृति दिया गया। आज पक्की सिंचाई नाली निर्माण से ग्राम मकरी व अमझर के ग्रामीण अच्छी फसल लेने के साथ सिंचाई कार्य का भरपूर लाभ ले रहें हैं।

# एसबीआई बैंक हल्दीबाड़ी में शिफ्ट नहीं होने से आमजनों में आक्रोश

## बैंक प्रबंधन की उदासीनता से 5 हजार से अधिक खाताधारकों व व्यापारी वर्ग को हो रही काफी परेशानी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हल्दीबाड़ी के शाखा प्रबधक से लेकर उच्च अधिकारीयों की उदासीनता के कारण लगभग डेढ़ वर्ष बीते जाने के बाद भी हल्दीबाड़ी में स्टेट बैंक की शाखा शिफ्ट नहीं हो सकी है।



आपको बता दे कि चिरमिरी शहर के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी में डेढ़ वर्ष पूर्व भूस्खलन होने के कारण से चिरमिरी एसबीआई बैंक की शाखा को अस्थायी रूप से कुरासिया एसबीआई शाखा में मर्ज कर दिया गया था। उस समय बैंक प्रबंधन द्वारा यह कहां गया था कि जल्द ही नवीन भवन का चयन कर पुनः बैंक का संचालन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार नगर निगम चिरमिरी की ओर से हल्दीबाड़ी के वार्ड.15 में स्थित राधाकृष्ण मंदिर भैसा दफाई के पास बने सामुदायिक भवन को स्टेट बैंक को देने की तैयारी की गई है इस हेतु उक्त सामुदायिक भवन का नगर निगम चिरमिरी द्वारा बैंक प्रबंधन द्वारा चाहे गए अनुसार उसका मरम्मत कार्य करवाकर उसे तैयार कर दिया गया है । लेकिन इसके बाद भी एसबीआई बैंक का पुनः संचालन हल्दीबाड़ी में नहीं किया गया है। जिसके कारण स्थानीय लोगों और व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । इस कारण उनमें काफी आक्रोश है ।

### 5 हजार से अधिक खाताधारक हो रहे परेशान

आपको बता दे कि हल्दीबाड़ी में बैंक संचालित नहीं होने के कारण करीब 5 हजार से अधिक खाताधारकों को परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। पांच किमी की दूरी तय कर बैंक जाने से अनावश्यक रूप से समय एवं धन की बर्बादी होती है। कुरासिया शाखा में हजारों की संख्या में उपभोक्ताओं का पहले से ही दबाव है इस कारण छोटे-छोटे काम के लिए लोगों को घंटो इंतजार करना पड़ता है।

### खाता बंद करने की चेतावनी दी

बैंक प्रबंधन की लापरवाही एवं उदासीनता से बैंक शिफ्ट नहीं होने से परेशान अधिकांश उपभोक्ता बैंक खाता बंद कराने मन बना चुके हैंए कुछ अपना बैंक अकाउंट बंद भी करा चुके हैं। हल्दीबाड़ी क्षेत्र शहर का मुख्य व्यवसायिक केंद्र है। हल्दीबाड़ी मुख्य शाखा को 5 किमी दूर कुरासिया शाखा में मर्ज कर देने से व्यापारियों को लेन.देन में काफी परेशानी हो रही है।

** आयुक्त ने बताया कि एसबीआई बैंक सामुदायिक भवन, भैसा दफाई, हल्दीबाड़ी में शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में सम्पूर्ण कागजी कार्यवाही की जा चुकी है एवं कोरिया कलेक्टर के निर्देश पर निगम ने पत्राचार करके लोक निर्माण विभाग से उक्त भवन का मासिक किराया भी निर्धारण कराया जा चूका है लेकिन बैंक प्रबंधन की उदासीनता के कारण बैंक शिफ्ट नहीं हो पा रहा है।*

**विजेंद्र सिंह सारथी,आयुक्त, नगर पालिक निगम चिरमिरी**

# एक नजर

## जिला अस्पताल में स्काउट गाइड ने किया रक्तदान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर व कैलाश कुमार सोनी राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 05 सितम्बर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जिला संघ बेमेतरा द्वारा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला बेमेतरा के स्काउट एवं गाइड रोवर रेंजर द्वारा 34 यूनिट रक्तदान जिला अस्पताल में किया गया। सिविल सर्जन डॉ. वंदना भेले ने रक्तदाताओ का हौसला अफजाई किया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला ब्लड बैंक के स्टॉफका सहयोग लिया गया। इस अवसर पर धनुष सिन्हा, उद्धव साहू, पूनम सलूजा एवं ओपन यूनिट के रोवर रेंजर उपस्थित थे। स्काउटर गाइडर ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। उक्त जानकारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट धनुष सिन्हा द्वारा दिया गया। जिला संघ बेमेतरा सभी रक्तदाताओं का हार्दिक आभार प्रकट करता है।

## विभागों को सी-मार्ट से खरीदारी के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

संभागायुक्त यशवंत कुमार ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर काम.काज और राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के साथ ही अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। वहीं विभागवार अधिकारियों से जानकारी ली। कहा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का क्रय अपनी विभागीय जरूरत के मुताबिक सी-मार्ट से क्रय करें। इससे स्व सहायता समूह की महिलाओं को मुनाफा होगा और देशी उत्पादकों को और बढ़ावा भी मिलेगा। बताया राज्य शासन द्वारा हर जिले में देशी उत्पादकों की बिक्री के लिए सी.मार्ट खोले जा रहे हैं। इन सी.मार्ट स्टोरों में महिला समूह द्वारा बनाए गए हर्बल साबुन, आचार, मसालें हर घरेलू जरूरत की सामग्री महिला समूह द्वारा बनाकर बेची जाती है। उन्होंने कृषि अधिकारी को जिले में किसानों को धान के अलावा अन्य फसल लेने के लिए और प्रोत्साहित करने को कहा। नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना की प्रगति के बारे में अधिकारियों से पूछा । गोबर खरीदी और जैविक खाद उत्पादन और गौठानों में चल रही आर्थिक गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत दिए जा रहे भोजन और मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना में लाभान्वित हितग्राहियों आदि की जानकारी ली। साथ ही जिले में गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित, एनीमिक महिलाओं व कुपोषण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर ओपी कोसरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस में महापुरुषों की वेशभूषा धारण कर बच्चों ने लोगों का किया ध्यान आकर्षित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।






बेमेतरा जिले में शिक्षक दिवस के अवसर पर 37वें शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कृषि उपज मण्डी बेमेतरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के गृह, जेल, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास व धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के मौके पर सेल्फी जोन बनाया गया था जिसमें ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा के विद्यार्थियों ने महापुरुषों की वेशभूषा धारण कर लोगों को प्रेरणा दी। इनमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृषणन की भूमिका के रुप में समरथ सिंह खनूजा, स्वामी विवेकानंद समरत सिंह चावला, डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम काश्वी साहू, सावित्री बाई फूले.काव्या साहू, आचार्य चाणक्य.हिमांचल पुरी गोस्वामी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों की इस शानदार प्रस्तुति के लिए उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़ गुरूदयाल सिंह बंजारे, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा, छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, लक्ष्मण चंद्राकर, विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, संभागायुक्त दुर्ग महादेव कावरे, कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी सहित अन्य अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कृष्ण कुंज की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में होगी अमरइया विकसित

## समय सीमा की बैठक में गिरदावरी कार्य सहित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

जोहर छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नगरीय निकाय के सभी सीएमओ से नगर पालिका शहरी क्षेत्र अन्तर्गत निजी संस्थानों में विगत वर्षों में रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की संख्यात्मक जानकारी निर्धारित प्रारुप में देने को कहा। जिलाधीश ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कृष्ण कुंज की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में अमरइया विकसित करने के निर्देश दिए। इसके अन्तर्गत आम, कटहल, आंवला, नीम, बरगद, पीपल के पौधे का रोपण किया जायेगा। ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। कलेक्टर ने बैठक के दौरान गिरदावरी के अन्तर्गत बो, गये फसल के रकबे का आंकलन की जानकारी ली। इसके अलावा अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि से खेती किसानी पर हुए प्रभाव का आंकलन करने के निर्देश दिए।

गो धन न्याय मिशन के अन्तर्गत गोबर एवं गौ-मूत्र क्रय पर विपणन, जैविक खेती को प्रोत्साहन, गौठानों में रोपा अन्तर्गत गतिविधियों की जानकारी ली। नरवा कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हांकित कार्य एवं प्रगति, हाट-बाजार क्लिनिक योजना, आश्रम छात्रावास का शतप्रतिशत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धनवंतरी मेडिकल स्टोर के संचालन, सी-मार्ट का संचालन, समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण, भूमि व्यवस्थापन, आवंटन एवं नवीनीकरण, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, जर्जर सड़कों और शासकीय भवनों की मरम्मत और संधारण, स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर शिकायत शाखा, केन्द्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निवारण प्रणाली सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा साथ ही मुख्यमंत्री की घोषण पर अमल, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल निर्माण अधोसंरचना की प्रगति, राजीव युवा मितान क्लब, गोधन न्याय योजना, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन एवं विक्रय, चारागाह विकास की जानकारी की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना कमलेश मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, नगरीय निकाय के सीएमओ, जनपद पंचायत के सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खेल एकजुट रहने के साथ संघर्ष करने की प्रेरणा देता है-योगेश तिवारी



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुधेली में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता में आसपास गांव की दर्जन भर कबड्डी टीमों ने भाग लिया है।

### ग्राम गुधेली में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शामिल हुए किसान नेता

इस दौरान किसान नेता ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि कबड्डी खेल रोमांच का खेल है। इसमें युवाओं को अपनी ताकत के साथ साथ बुद्धिमता का भी प्रदर्शन करना होता है। युवाओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विस्तार से होता है। खेल हमेशा एकजुट रहने व संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। जो युवा पीढ़ी के लिए जरूरी भी है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की। कहा कि हमें ऐसे आयोजन करके युवाओं को समय-समय पर ऐसे प्लेटफार्म मुहैया कराना चाहिए, जिससे वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य भी बना सकें। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान ललित साहू उपसरपंच, पंच जीतू साहू, संजय साहू, नीरजन लाल साहू राम लीला मंडली अध्यक्ष, चितेश्वर, साहू, नरोत्तम साहू, रामकुमार वर्मा, सतीश साहू, गोलू यादव आदि उपस्थित थे।



# शिक्षक दिवस पर पटेवा पुलिस ने किया गुरुजनों का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले महासमुंद के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल भापुसे के द्वारा नवाचार करते हुए जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सभी स्कूलों में खाकी के रंग.स्कूल के संग के तहत कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को विभिन्न प्रकार की विधिक एवं अन्य जानकारी देने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश रॉव गिरेपुंजे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिथौरा विनोद मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पटेवा निरीक्षक गोपाल ध्रुर्वे के द्वारा शासकीय हाई स्कूल तुरेंगा में 05 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुजनों से मुलाकात पश्चात खाकी के रंग स्कूल के संग के तहत समस्त शिक्षकगणों को पेन वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चो को पॉक्सो एक्ट,सायबर क्राइम, बैंक फरॉड,यातायात नियम,अभिव्यक्ति एप्प, की जानकारी दी गई। किसी ज्ञात या अज्ञात व्यक्ति द्वारा परेशान करने पर पुलिस को सूचना देने थाना का मोबाइल नंबर दिया गया साथ ही डायल 112 का महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

# वीरांगना श्रीवास्तव को मिला शिक्षक सम्मान पुरुस्कार

## दरबार हॉल रायपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम,प्रशंसकों और शुभचिंतकों ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल अनुसुइया उइके के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य भवन के दरबार हॉल में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



आपको बता दें की इस सम्मान समारोह में जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोंगापानी में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती वीरांगना श्रीवास्तव को राज्यपाल के हाथों राज्य शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें राज्य शिक्षा पुरस्कार 2021 के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया है जिससे पूरा कोरिया जिला गौरवान्वित हुआ है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 से शिक्षकीय कार्य कर रही वीरांगना श्रीवास्तव लेखन संगीत, चित्रकला, मंच संचालन, पर्यावरण में विशेष रुचि रखती हैं। बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके इसलिये विभिन्न तरीकों से उन्हे विज्ञान की अवधारणाओं से परिचित कराना जैसे खेल खेल में शिक्षा क्विज अभिनय मॉडल बनाना और उनका दैनिक जीवन में उपयोगिता पर हमेशा ध्यान दिया है।

उनके मार्गदर्शन में शा.पू.मा.शाला खोंगापानी के कक्षा 8 वीं के छात्र दिलदार का राज्य स्तर पर और कु. स्वाति का विज्ञान मॉडल बाढ़ संकेतक राष्ट्रीय स्तर के लिये चयनित हुआ था इसके साथ ही विकासखण्डए,जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में चयन व प्रस्तुतीकरण भी इनकी एक उपलब्धि है। बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो इसके लिये कबाड़ से जुगाड़ कर तरह-तरह के मॉडलों का निर्माण व कबाड़ से जुगाड़ के तहत मॉडल निर्माण में 2018 में राज्य के लिए चयनित किया गया था। इसके साथ ही इनके दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में बच्चों में बहुआयामी प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से बच्चों ने वॉल पेंटिंग में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। महिला समता मंच, महिला चेतना मंच से बालिकाओं व महिलाओं के उत्थान के लिये मां बेटी सम्मेलन, शैक्षणिक भ्रमण का भी कार्यक्रम कराया गया। वीरांगना श्रीवास्तव को अब तक अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला मोर्चा द्वारा प्राइड लायंस क्लब द्वारा नारी शक्ति सम्मान, राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा सक्रिय कार्यकर्ता का सम्मान, मुंशी प्रेमचंद जयंती पर सम्मान, कायस्थ समाज द्वारा कायस्थ रत्न सम्मान, 2020 में युवा महोत्सव के लिए कलेक्टर कोरिया द्वारा सम्मान, 2021 में ऑनलाइन कक्षा संचालन के लिये विकासखण्ड व जिला स्तर पर सम्मान, 2021 में ऑनलाइन कक्षा संचालन के लिये जिला पुलिस विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र का पुरस्कार मिल चुका है।





# पॉलीथीन लपेट कर निक्की तंबोली ने दिखाया फैंशन का जलवा

**बिग बॉस फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली अपने बोल्ड अंदाज से फैंस को घायल कर देती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का जलवा इस कदर बिखेरती हैं कि उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर ढाहती हैं। वहीं, हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं।**

जिसमें वो पॉलीथिन जैसी साड़ी और डीपनेक स्टाइल ब्लाउज पहने नजर आ रही हैं, जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं।

साउथ एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। वहीं, उनकी दिलकश अदाएं फैंस को मदहोश कर देती हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने पॉलीथिन जैसी पीली साड़ी को बड़े कूल तरीके से बांधा है। साथ ही डीपनेक ब्लाउज को पहन रखा है। निक्की का ये आउटफिट उनकी खूबसूरती को चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस के फैशन सेंस की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली अक्सर अपने फोटोशूट से फैंस को इंप्रेस करती हुई नजर आती हैं। हालांकि इस बार भी उनकी तस्वीरों में कुछ ऐसा ही ग्लैमरस लुक देखने को मिला है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स को फ्लॉन्ट कर रही हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर फैंस लाइक और कॉमेंट्स की बारिश कर रहे हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों से एक बार फिर नजरे हटाना मुश्किल हो गया है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने कॉमेंट कर के लिखा- सेक्सी तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- स्टनिंग। फैंस भी एक्ट्रेस निक्की तंबोली की इन तस्वीरों को बेहद ही पसंद कर रहे हैं, और एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक और कॉमेंट्स करते हैं।

# द कपिल शर्मा शो के नये सीजन में होगी सृष्टि रोडे की एंट्री?



द कपिल शर्मा शो का नया सीजन 10 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। हाल ही में निर्माताओं ने एक प्रोमो के जरिए इसकी घोषणा की है। प्रोमो में जहां कपिल का मजाकिया अंदाज फिर से दिखाई दिया, वहीं शो में उनके साथी भी अपने अंदाज में नजर आए। हालांकि, इसमें कई नए चेहरे भी नजर आए। इनमें से जिस हस्ती ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, वह हैं सृष्टि रोडे। आइए, जानते हैं, कौन हैं यह अभिनेत्री। सृष्टि सबसे पहले 2008 के हॉरर शो श्श्श... फिर कोई है में नजर आई थीं। इस शो से उन्हें भले ही ज्यादा लोकप्रियता न मिली हो, लेकिन इसके जरिए उन्होंने निर्माताओं का ध्यान खींचा और उन्हें अन्य काम मिलने लगे। इसके बाद वह बैरी पिया (2009) ये इश्क हाय (2010-11) और छोटी बहू जैसे शो में नजर आईं। सीरियल सरस्वतीचंद्र में अनुष्का के किरदार के लिए उन्हें खूब सराहना मिली। सृष्टि ने 2018 में सलमान के शो बिग बॉस 12 में हिस्सा लेकर अपनी एक नई पहचान बनाई थी। शो में वह करीब 70 दिनों तक रही थीं। इसके बाद वह भाग्य लक्ष्मी अभिनेता रोहित सुचांती के साथ रिश्ते के लिए भी चर्चा में रहीं। हालांकि, दोनों इस रिलेशनशिप का खंडन करते रहे। टीवी शो के अलावा सृष्टि कुछ म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुकी हैं। 2019 में उन्हें जी म्यूजिक के वीडियो स्ट्रॉबेरी वरगा में पसंद किया गया। बिग बॉस 12 के बाद सृष्टी ने एक फिल्म भी साइन की है। इस फिल्म का नाम गबरू गैंग है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म अभी पोस्ट प्रोडक्शन के स्तर पर है। फिल्म के बारे में कहा जाता है कि यह अपने तरह की अलग फिल्म है जो पतंगबाजी पर आधारित है। फिल्म के जरिए दर्शकों को अच्छा सिनेमा देखने को मिलेगा जिसमें कई तरह की भावनाएं और संदेश शामिल होंगे। फिल्म का निर्देशन समीर खान कर रहे हैं। द कपिल शर्मा शो के जरिए सृष्टि लंबे समय बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं। वह करीब चार साल से पर्दे पर दिखाई नहीं दी थीं। इन चार सालों के बारे में सृष्टि ने कहा कि इस दौरान उन्होंने बहुत कुछ सीखा।

# अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने अपने नए शो दहन को लेकर अनुभव साझा किया

अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा, जो अपनी आगामी थ्रिलर श्रृंखला दहन-राकन का रहस्य में एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, ने शो को लेकर अपने अनुभव साझा किया है। शो की शुरुआत करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मुझे दहन-राकन का रहस्य के बारे में जो सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि यह कैसे कच्चे डर को पकड़ लेता है, क्योंकि प्रत्येक चरित्र अपने स्वयं के राक्षसों का सामना करता है। अवनि राउत, मेरा चरित्र, व्यक्तिगत और पेशेवर लड़ाई लड़ती है, जब वह अंधविश्वास




और अलौकिक और राल और व्यावहारिकता के क्रॉसफायर में फंस गया है। शो की शुरुआत तब होती है, जब एक खनन अभियान से गांव को खतरा होता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि मंदिर को नुकसान पहुंचने पर यह एक घातक अभिशाप को जन्म दे सकता है। लेकिन आईएएस अधिकारी का टिस्का का चरित्र सदियों पुराने अंधविश्वासों से लड़ने के लिए एक मिशन पर निकलता है।

## खेल

# भारत के सितारे स्पिन के आगे बेबस

### रोहित और राहुल के स्ट्राइक रेट में आती है 25% की गिरावट, विराट भी धीमे पड़ जाते हैं

आप अगर क्रिकेट को फॉलो करते हैं और आपसे कोई सवाल करे कि दुनिया में स्पिन बॉलिंग को सबसे शानदार कहां के बल्लेबाज खेलते हैं? तो आपका जवाब होगा- भारत, पाकिस्तान या फिर श्रीलंका। टेस्ट और वनडे में तो ये सही है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में ऐसा नहीं है। भारतीय बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को तो अच्छा खेल रहे हैं, लेकिन स्पिन गेंदबाजी के सामने उनकी हालत पतली हो रही है। रोहित शर्मा और केएल राहुल के स्ट्राइक रेट में तो तेज गेंदबाजों की तुलना में 25त्न से ज्यादा की गिरावट आ गई है। आइए आपको बताते हैं कैसे...




### राहुल-रोहित का स्पिनरों के खिलाफ बुरा हाल

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट टी-20 वर्ल्ड कप के बाद स्पिनरों के खिलाफ आप जान लेंगे तो आप यकीन नहीं कर पाएंगे। एक तरफ जहां तेज गेंदबाजों के खिलाफ केएल राहुल का स्ट्राइक रेट 126 का है तो वहीं, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनका स्ट्राइक रेट गिरकर सिर्फ 86.11 का हो जाता है। यानी 31% की गिरावट आ जाती है।

कुछ ऐसा ही हाल टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का है। रोहित ने 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप के बाद तेज गेंदबाजों की जमकर क्लास लगाई है और उनका स्ट्राइक रेट उनके खिलाफ तो 156.72 का है, लेकिन जब बात स्पिन गेंदबाजों की आती है तो वह बिल्कुल बेबस नजर आते हैं। स्पिन बॉलरों के सामने वो सिर्फ 115.87 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं।

इन दोनों से बेहतर विराट कोहली का स्ट्राइक रेट है, लेकिन वो भी बहुत धीमे हैं। उन्होंने 2021 के टी-20 वर्ल्ड के बाद 122.94 की स्ट्राइक रेट से स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाए हैं।

# भारत-पाकिस्तान मैच में बने 8 रिकॉर्ड



भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को खेला गया सुपर-4 का मुकाबला टीम इंडिया भले ही हार गई हो, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच में कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। आइए आपको उन्हीं रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं... 8 साल बाद एशिया कप में पाकिस्तान से हारा भारत्सुपर- 4 के पहले मुकाबले में 5 विकेट से जीता पाक, आसिफ अली का कैच छोड़ना टीम इंडिया को पड़ा भारी पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में केएल राहुल-रोहित शर्मा के बीच पहले विकेट लिए 54 रन की पार्टनरशिप हुई। पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में केएल राहुल-रोहित शर्मा के बीच पहले विकेट लिए 54 रन की पार्टनरशिप हुई। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत की सलामी जोड़ी रोहित शर्मा और केएल राहुल ने अच्छी शुरुआत की। दोनों ने पहले ही ओवर से पाकिस्तानी गेंदबाजों की पिटाई शुरू कर दी और चौके-छक्के की झड़ी लगा दी।

## एक नजर

# टेस्ट कप्तानी छोड़ने के बाद सिर्फ धोनी ने मुझे मैसेज किया : विराट कोहली

**दुबई** । क्रिकेटर विराट कोहली ने हाल ही में उस समय को याद किया, जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद जनवरी 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी। विराट ने बताया कि उस वक्त पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी एकमात्र व्यक्ति थे, जिन्होंने उनके फैसले के बाद उन्हें मैसेज किया था। कोहली ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप मैच के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, जब मैंने टेस्ट कप्तानी छोड़ी, तो मुझे केवल एक व्यक्ति से एक संदेश मिला, जिसके साथ मैं पहले खेल चुका हूं और वह हैं एमएस धोनी। कई लोगों के पास मेरा संपर्क नंबर है और कई लोग हैं जो टीवी पर सुझाव देते रहते हैं, लेकिन मुझे उनमें से किसी का संदेश नहीं मिला। इसलिए जब किसी व्यक्ति के साथ संबंध काफी वास्तविक होता है, तो वह ऐसे में सामने आता है, क्योंकि दोनों तरफ सुरक्षा की भावना है।




कोहली ने कहा, न तो मुझे उनसे कुछ चाहिए, न ही वह मुझसे कुछ चाहते हैं, और न ही मैं कभी उनसे असुरक्षित था और न ही वह मुझसे किसी बात को लेकर असुरक्षित थे।

आगे कोहली ने कहा, अगर उनकी आलोचना वास्तविक होती, तो वे मुझे व्यक्तिगत रूप से संदेश भेज सकते थे। जिस तरह से मैं अपना जीवन ईमानदारी के साथ जीता हूं, मैं उस व्यक्ति के साथ आमने-सामने बात करता था, जिसकी मैं मदद करना चाहता था।

### एक छोटे कीड़े ने रोक दिया US ओपन का मैच

# बॉल गर्ल ने हटाया, तो दोबारा शुरू हो सका, नडाल उलटफेर के शिकार

कहते हैं एक चींटी हाथी पर भारी पड़ सकती है। यह बात मंगलवार को स ओपन में सही साबित हुई, जब एक छोटे से कीड़े के कारण विमेंस सिंगल्स का राउंड ऑफ 16 मुकाबला रोकना पड़ा। डेनियल कॉलिन्स और आर्यन सबालेंका के बीच खेले गए इस मुकाबले के दौरान कोर्ट में एक कीड़ा आ गया।




ऐसे में कोलिंग ने कीड़े को देखकर सर्विस रोक दी। फिर बॉल गर्ल ने उस कीड़े थोड़े प्रयास के बाद हटाया। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। यह मुकाबला सबालेंका ने 6-3, 3-6, 6-2 से जीता। इससे पहले, साल के चौथे ग्रैंड स्लैम के 9वें दिन 22वीं सीड कैरोलीना प्लिस्कोवा ने 26वीं सीड विक्टोरिया अजारेंका को तीन सेटों के मुकाबले में हराते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जबकि रात को 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले राफेल नडाल उलटफेर का शिकार हो गए।

चेक रिपब्लिक की कैरोलिना प्लिस्कोवा ने विमेंस सिंगल्स में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को 7-5, 6-7, 6-2 से हराया। वहीं, मेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 में अमेरिका फ्रांसेस टियाफो ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिकी स्टार फ्रांसेस टियाफो ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से हराया।

अमेरिकी स्टार फ्रांसेस टियाफो ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-4, 4-6, 6-4, 6-3 से हराया।

# 17 दिन 5 मैच तय करेंगे दलीप ट्रॉफी का चैंपियन

### अजिंक्य रहाणे को मिली वेस्ट जोन की कप्तानी

तीन साल के बाद आखिरकार दलीप ट्रॉफी का इंतजार खत्म हो गया है। इस साल दलीप ट्रॉफी की शुरुआत 8 सितंबर से हो रही है। इसका फाइनल 21 तारीख को खेला जाएगा। आखिरी बार ये टूर्नामेंट साल 2019 में खेला गया था। कोरोना के कारण 2020 और 2021 में इसका आयोजन नहीं हुआ था। 8 अगस्त को BCCI ने डोमेस्टिक सीजन का शेड्यूल जारी किया था। 2022 का डोमेस्टिक सीजन दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। इस बार दलीप ट्रॉफी में कुछ बदलाव किए गए हैं। साल 2016 से 2020 के बीच दलीप ट्रॉफी में तीन टीमें हिस्सा लेती थी। इंडिया



रेड, इंडिया ब्लू और इंडिया ग्रीन ये टीमें हुआ करती थी। इस बार BCCI ने दलीप ट्रॉफी का पुराना तरीका अपनाया है। पिछले सीजन की तरह इस बार तीन टीमों की बजाए कुल 6 टीमें दलीप ट्रॉफी में खेलेंगी।इन टीमों को जोन के आधार पर बांटा गया है। इस साल नया जोन नॉर्थ ईस्ट जोन भी दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेगा। इसके अलावा नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन,और सेंट्रल जोन की टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी।

# जानेमाने फिल्मी स्टार अक्षय कुमार हफ्ते से ज्यादा समय तक रहेंगे छत्तीसगढ़ में...

**रायपुर ( छत्तीसगढ़ उजाला )।** बॉलीवुड के सुपर स्टार अक्षय कुमार अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आ रहे है। छत्तीसगढ़ में एक बड़ी फिल्म शूट होने जा रही है। बड़े पर्दे पर छत्तीसगढ़ की खूबसूरती देशभर को देखने को मिलेगा। फिल्म की शूटिंग रायगढ़ जिले में किया जाएगा। इस दौरान अक्षय कुमार एक सप्ताह तक रायगढ़ में ही रहेंगे। राज्य में पहली बार किसी बड़े स्टार की फिल्म शूट होने जा रही है। बता दे कि इससे पहले फिल्म की डायरेक्टर 9 से 10 सितंबर को लोकेशन रेकी के लिए छत्तीसगढ़ आ रही है। वहीं एक महीने पहले ही फिल्म की प्रोडक्शन टीम ने लोकेशन देख लिया है। अब फिल्म की डायरेक्टर लोकेशन फाइनल करेंगी।



# दुर्घटना की जांच को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

## भाजपा और युवा मोर्चा मौके पर मौजूद

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



सारंगढ़ मुख्यमंत्री आगमन से एक दिन पहले 2 सितंबर को हुई अप्रिय घटना को लेकर कलेक्टर और एसपी को परिजन व ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन आपको बता दे की 2 तारीख को ग्राम गवालिंडिह के पास हुए भयानक सड़क हादसा जिसमे 6 लोग शामिल थे दो ग्राम भोजपुर और 4 लोग तिलाईमुडा निवासी है जिसमे से दो लोगों को उसी दिन मृत्यू हो गया और बाकी चार गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे अनान फानन में सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले जाया गया और वहां से रायगढ़ और रायपुर रेफर कर दिया गया बताया जा रहा है कि अभी 4 लोग जो गंभीर रूप से घायल हुए है उनमें से कुछ का रायगढ़ और कुछ का रायपुर इलाज जारी है उस संबंध में ग्राम भोजपुर व तिलाईमुडा निवासी उनके परिजनो ने सैकड़ों की संख्या में कलेक्टर कार्यालय और एसपी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन दिया और कहा कि सड़क हादसा की बारीकी से जांच की जाए और दोषियों पे उचित कार्यवाही की जाए साथ ही मृतक के परिवार को उचित मुवाबजा राशि प्रदान करे और जो घायल हुए है उनके इलाज का खर्च भी उठाए। परिजनों ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सरकारी वाहन ने पीछे से ठोकर मारी है और उन्ही गाड़ी अन्यत्रित होकर रोड किनारे जा घुसी जिसको निकाल कर वहा से रफू चक्कर हो गए उनकी सवेदना तक नहीं बची की इतना भयानक हादसा हुआ और गंभीर चोट के बाद वहां सहायता करने के वजाय वहा से निकल गए इस बात को लेकर ग्रामीण आक्रोशित है और जांच की मांग कर रहे है।

क्या कहते है पुलिस अधीक्षक.. मामले को उचित जांच करवाएंगे और दोषियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही होगी।



# बिलासपुर एसपी पारुल माथुर ने लिया एक्शन भूगोल बार का संचालक अंकित अग्रवाल को किया गिरफ्तार

### विगत दिनों ड्रग्स मामले में भूगोल बार का मैनेजर हुआ था गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।





पुलिस जब एक्शन में आती है तो कोई भी अपराधी बच नही सकता है अभी कुछ ही घण्टे हुए है पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर को एक्शन में आते हुए अपराधियों की धरपकड़ शुरू हो गई शहर में भूगोल बार हमेशा में विवाद में रहा है जहां आए दिन संचालक के शह पर गुर्गों द्वारा मारपीट कर जबरदस्ती वसूली की जा रही थी जिसकी शिकायत पुलिस के पास थी वही विगत दिनों इसी भूगोल बार का मैनेजर भी ड्रग्स के साथ पकड़ाया था उसने संचालक अंकित अग्रवाल के कहने में पर ड्रग्स बेचने की बात कही थी पुलिस ने इन सब को जांच में ले लिया था और जांच को आगे बढ़ते हुए आज आखिर अंकित अग्रवाल को पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर ही लिया। उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चकरभाटा सुश्री गरिमा द्विवेदी के मार्गदर्शन में अवैध नशा में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

*** मैनेजर ने संचालक अंकित अग्रवाल पर लगाया था आरोप, उन्ही की शह में ड्रग्स का कर रहा था व्यापार**

*** पुलिस अधीक्षक आई एक्शन के मूड में अपराधियों के हौसले हुए पस्त,गिरफ्तारीयां शुरू**

उक्त तारतम्य में 19 जून 2022 को आरोपी योगेश द्विवेदी उर्फ राम जो भूगोल बार में मैनेजर का कार्य करता था के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ डक्ड। जप्त होने पर गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य मिलने पर अन्य आरोपी अंकित अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल उम्र 36 वर्ष निवासी रामा लाइफ सकरी बिलासपुर को गिरफ्तारी किया गया है तथा प्रकरण से संबंधित ऐसे अन्य व्यक्ति जो संसूचित मादक पदार्थ की वित्तपोषण, संधारण, ऐसे अपराधियों को संश्रय देने का कार्य करते हैं के संबंध में साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। अंकित अग्रवाल को थाना चकरभाठा अपराध क्रमांक 212/22 धारा 21ए 27; ए एनडी के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# जिले में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था हेतु फरसाबहार में सुसडेगा व्यपवर्तन योजना का किया जा रहा निर्माण

### सुसडेगा व्यपवर्तन योजना से क्षेत्र के लगभग 3500 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई हेतु उपलब्ध होगी पानी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





**बहनाटांगर, बटुराकछार, किलकिला सहित अन्य गांवों के किसान होंगे लाभान्वित**

जिला प्रशासन द्वारा जिले में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराकर किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु सतत कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग द्वारा फरसाबहार विकासखण्ड में सुसडेगा व्यपवर्तन योजना का निर्माण किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुसडेगा व्यपवर्तन योजना का निर्माण खलतकर कंस्ट्रक्शन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नागपुर द्वारा किया जा रहा है। यह योजना मांड नदी पर स्थित है। योजना का निर्माण कार्य वर्ष 2020.21 में स्वीकृत हुआ है एवं इसकी लागत राशि 2057.25 लाख है। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत जल ग्रहण क्षेत्र 789.10 स्कवायर किलोमीटर और बराज की लम्बाई 120.20 मीटर है। इस बराज में स्पीलवे 08 नग है। जिसकी साईज 8, 4 मीटर है। इसी प्रकार 8, 5.20 मीटर साइज की 04 नग अंडर स्लूस एवं 1.50 1.50 मीटर साइज की 02 नग नहर स्लुस है। वर्तमान में योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वर्षा ऋतु की समाप्ति के पश्चात कार्य शीघ्रता से किया जाएगा। सुसडेगा व्यपवर्तन योजना में बांयीतट मुख्य नहर की लंबाई 27.335 किलोमीटर है एवं शाखा नहर की संख्या 7 है। नहर के बाई तट से बहनाटांगर, बटुराकछार, किलकिला, नारायणपुर, पखनाकोट एवं करूमहुआ जैसे 06 गांव के किसान लाभान्वित होंगे। जिससे क्षेत्र के लगभग 1650 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होगी। इसी प्रकार योजना के दांयी तट मुख्य नहर की प्रस्तावित लंबाई 24.439 किलोमीटर है एवं शाखा नहर की संख्या 5 है। जिसका सिंचाई रकबा 1850 हेक्टेयर प्रस्तावित है। इस प्रकार व्यपवर्तन योजना के दोनों ओर के नहरों से लगभग 3500 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होगी।

सफलता की कहानी

# जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का दूरस्थ अंचल के लोगों को मिल रहा है लाभ



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

दूरस्थ क्षेत्रों में लोगो तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उददेश्य से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना 112 हाट बाजारों में संचालित हो रही है। जिसमें आम जनताओं को स्वास्थ्यगत समस्याओं का जांच, उपचार एवं निःशुल्क औषधि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है साथ ही गंभीर रोगों के बेहतर उपचार हेतु उच्च चिकित्सकीय संस्थानों में रेफरल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल 2021 से अब तक 3523 क्लीनिक का आयोजन कर 196642 लोगों को योजना अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के संचालन से आम जनता जो नियमित घरेलू कार्यों के व्यस्तता समय की कमी तथा स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी के कारण छोटी बडी बीमारियों के उपचार हेतु स्वास्थ्य संस्था नहीं जा पाते उन्हें हाट बाजार में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है।

# जरूरत पड़ने पर नहीं जरूरत से पहले हो स्वास्थ्य बीमा- चंदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आज के इस आपाधापी वाले युग में जब न तो खानपान सही है और ना ही पर्यावरण ऐसे में कई किस्म की बीमारियों ने इंसान को जकड़ लिया है। तेज जिंदगी और एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ए फ ास्ट फ ूड और नींद ना आना लगातार सोशल मीडिया की लत शारीरिक मेहनत की कमी ने पूरे शारीरिक सिस्टम को हिला कर रख दिया है। कोराना काल के बाद हम अपने शरीर के प्रति जागरूक तो हुए परंतु अभी भी हम में वह जज्बा जागृत नहीं हुआ है कि हम अपने शरीर को पूर्णतरू स्वस्थ रख सकें, ऐसे समय में स्वास्थ्य बीमा एक अत्यंत ही आवश्यक साधन बन गया है। परंतु लोग जब बीमार पड़ते हैं तब उन्हें स्वास्थ्य बीमा की याद आती है। इसलिए जरूरत पड़ने पर नहीं जरूरत से पहले ही स्वास्थ्य बीमा होना चाहिए। रायगढ़ के युवा स्वास्थ्य बीमा सलाहकार चंदन मोटवानी ने आगे कहा कि एचडीएफ सी एर्गो एक अग्रणी कंपनी है जो स्वास्थ्य बीमा में बहुत अच्छा कार्य कर रही है कंपनी के क्लेम सेटेलमेंट का प्रतिशत बहुत अच्छा है। उल्लेखनीय है कि चंदन मोटवानी एचडीएफ सी एर्गो के 2021 गोल्ड क्लब के सदस्य हैं। और उनके लगातार बढ़ते व्यवसाय और ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधा को मद्देनज़र रखते हुए उन्हें अगस्त माह में इंडोनेशिया के बाली में संपन्न हुए समारोह में कंपनी के सीईओ अनुज त्यागी एरिटेल एजेंसी हेड इंडिया हितेश बीरानी, क्लेम अंडरराइटर हेड डॉ सूर्य प्रकाश और मोटर हेड सचिन सिंघल ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ से 4 सलाहकारों को आमंत्रित किया गया था जबकि पूरे देश से लगभग 300 स्वास्थ्य बीमा सलाहकार इस सम्मेलन में शामिल हुए थे। कंपनी के सीईओ अनुज त्यागी ने कहा कि हमें चंदन जैसे युवाओं की टीम की आवश्यकता है जो इस कार्य को न केवल व्यवसाय के रूप में अपनाएं बल्कि एक सेवा कार्य के रूप में लोगों को इसकी सुविधा पहुंचाएं उन्होंने चंदन के साथ-साथ समस्त मोटवानी कंसलटेंसी परिवार को इस सम्मान के साथ लिए बधाई प्रेषित की। इस सम्मान पर चंदन ने कहा कि यह मेरा नहीं मेरे उन पॉलिसी धारकों का सम्मान है जिन्होंने मेरी सलाह पर कंपनी की स्वास्थ्य बीमा योजना क्रय की है और अपने परिवार को अकस्मात होने वाली घटनाओं से आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है उन्होंने सभी पॉलिसी धारकों का आभार व्यक्त किया है। वे इस सफलता का श्रेय वे अपने घर के सभी वरिष्ठ जनों देते हैं जिन्होंने उनका मार्गदर्शन किया।

## एक नजर

### पटवारी काउंसिलिंग 17 सितम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा रायपुर से प्राप्त पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 2022 के परिणाम एवं छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय जारी परिपत्र अनुसार पटवारी प्रशिक्षण हेतु वर्गवार कुल 30 पदों के लिए अभ्यर्थियों के मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार अनारक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग अनुसूचित जनजाति वर्ग में मुक्त एवं महिला के 27 पदों के विरूद्ध 4 के मान से 108 अभ्यर्थियों तथा भूतपूर्व सैनिक के 3 पदों के विरूद्ध 12 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग हेतु आहूत किया गया है। उक्त अभ्यर्थी 17 सितम्बर 2022 को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष, रायगढ़ में उपस्थित होकर अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते है। अनुपस्थिति की दशा में पटवारी प्रशिक्षण हेतु आपके चयन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थी कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा रायगढ़ के सूचना पटल/वेबसाईट पर सूची का अवलोकन कर सकते है।

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के पिता को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुविभाग धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-झूलनबर निवासी यश भगत की 9 मार्च 2022 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर नायब तहसीलदार धरमजयगढ़ के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा मृतक के विधिक वारिसान उनके पिता सुखदेव भगत को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### पत्थलगांव के कदमघाट से बीटीआई चौक तक राष्ट्रीय राजमार्ग के एक्सीसटींग एलाईनमेंट पर सड़क निर्माणाधीन

* पत्थलगांव से कुनकुरी राष्ट्रीय राजमार्ग में मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग अंबिकापुर ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.43 अंबिकापुर से पत्थलगांव मार्ग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पत्थलगांव के कदमघाट से बीटीआई चौक तक का भाग एनएचडीपी.प्ट परियोजना तहत अम्बिकापुरए पत्थलगांव का भाग है। इस भाग में 4 लेन योजना अनुसार 4 लेन पर निर्माण कार्य कदमघाट से पत्थलगांव न्यायालय तक राष्ट्रीय राजमार्ग के एक्सीसटींग एलाईनमेंट पर सड़क निर्माणधीन है। उक्त 4 लेन भाग अंतर्गत 4 लेन या एक भाग न्यायालय से बीटीआई चौक तक में किया गया। जिसके अंतर्गत एक तरफ 7.5 मीटर के चौड़ाई में सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बीटीआई चौक से कदमघाट तक निर्माण कार्य हेतु अनुबंधक टीबीसीएल द्वारा पुरानी सड़क को उखाड़कर मार्च 2022 में प्रारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ करने के उपरांत उक्त भाग में नगर पंचायत की पाईपलाईन के माध्यम से शहरी भाग में पेयजल की प्रदायगी होती है। निर्माण में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की संभावना के कारण उक्त भाग में निर्माण कार्य स्थगित रखा गया। निर्माण कार्य किये जाने हेतु नगर पंचायत पीएचई विभाग के साथ पाईपलाईन के विस्थापन हेतु प्राक्कलन 118.50 लाख का भुगतान डिमांड नोट विभाग को जमा किया गया है। पीएचई विभाग द्वारा उक्त भाग में पाईपलाईन विस्थापन कार्य पूर्ण कराने के उपरांत निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग में यातायात को सुगम रखने हेतु उक्त भाग को अनुबंधित निर्माण एजेन्सी से मरम्मत कार्य सतत कराया जा रहा है। आम नागरिको एवं जनप्रतिनिधि के मांग पर अनुबंधक एजेंसी द्वारा तत्कालिक मरम्मत कार्य कराया गया। कदमघाट से बीटीआई चौक अंतर्गत संधारित सड़क की भी पुनः मरम्मत कार्य किया जा रहा है। एनएचडीपी परियोजना के तहत अम्बिकापुर से पत्थलगांव मार्ग की लम्बाई 74.63 किलोमीटर एवं पत्थलगांव से कुनकुरी मार्ग की लम्बाई 62.50 किलोमीटर में 2 लेन सड़क निर्माण हेतु स्वीकृत है। अम्बिकापुर से पत्थलगांव मार्ग पर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। पत्थलगांव से कुनकुरी मार्ग के निर्माण में प्रथम सबकान्ट्रैक्टर द्वारा निर्माण की गति धीमी रखी जाने के कारण द्वितीय सबकान्ट्रैक्टर एजेन्सी को त्रिपक्षीय अनुबंध कर 70 प्रतिशत निर्माण कार्य के लियेए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया। धीमी प्रगति होने के कारण सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुबंध समाप्त करने की कार्यवाही होने से निर्माण कार्य यथास्थिति स्थगित रखा गया है। जिस परिपेक्ष्य में आगे की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। साथ ही पत्थलगांव से कुनकुरी राष्ट्रीय राजमार्ग में मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रदेश आगमन को लेकर रायगढ़ विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी गुरुपाल भल्ला ने सरिया और कोड़ातराई मंडल की बैठक ली

### जगन्नाथ पाणिग्रही,सुभाष पाण्डेय, श्रीकान्त सोमावार भी शामिल रहे

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है वही प्रदेश आगमन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश भाजपा के बूथ स्तर तक के अपेक्षित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। रायपुर के साइंस कालेज के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर रायगढ़ विधानसभा की मैराथन बैठकों का दौर चल रहा है। जिस में आज सरिया मंडल की बैठक नगर पंचायत के सांस्कृतिक भवन तथा कोडातराई मंडल के अन्तर्गत लोहरसिह गांव में शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ के अध्यक्ष व पार्टी के पदाधिकारीयों के साथ बैठक लिए गया। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिये आवश्यक सुझाव दिये गये। इस बैठक मैं। मुख्य रुप से मंचीय अतिथियो में महासमुद जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही,रायगढ़ से रतीद्र राय, मंडल प्रभारी मीरा धर्म जोल्हे, न.प.उपाध्यक्ष अरूण सराफ, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल जिला सह संवाद प्रमुख कैलाश पंडा, जिला कार्य समिति सदस्य सेवक राम पटेल, मंडल अध्यक्ष परदेशी प्रधान एव अन्य कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। वही द्वितीय बैठक कोडातराई के लोहरसिह में आयोजित हुई जिसमें मंचीय अतिथियो में राष्ट्रीय जन जाति मोर्चा के सदस्य श्रीकांत सोमावार वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष पांडेय वा जिला मंत्री महेश साहू का भी कार्यकर्ता को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश आई टी सेल के सदस्य पवन शर्मा जिला उपाध्यक्ष बबल पान्डेय, जिप सदस्य खेमराज नायक, मनीष गांधी, मंडल अध्यक्ष डोलनरायण पटेल, व महामंत्री द्वय व मंडल के समस्त पदाधिकारी व मंडल के सभी बुथो के पालक अध्यक्षगण के साथ समस्त कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर विधायक चक्रधर सिंह ने सपत्निक सहित पूरे विधानसभा के शिक्षकों का तिलक एवं शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।





जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 5 सितंबर को पूरे भारत में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी कड़ी में आज लैलूंगा विधानसभा में लोकप्रिय विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने अपने पूरे विधानसभा के सेवा निवृत्त एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को उनकी अर्धांगिनी भोज कुमारी एवं बहु जिला पंचायत सदस्य यशोमती सिदार के साथ तिलक आरती उतारकर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस प्रकार का आवभगत देखकर सभी शिक्षक गदगद हो गए और भाव विभोर होते हुए शिक्षकों ने भी उनके अभिवादन में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ एक स्वर में कहा कि हम बहुत ही गौरवान्वित हैं कि हमको ऐसा सरल और सहज जन प्रतिनिधि मिला है विधायक चक्रधर सिंह ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि यहां जितने शिक्षक बैठे हैं वह सब शिक्षक के रूप में पूजनीय तो है ही पर मेरा इनसे एक भाईचारा व बंधुओं का भी संबंध है विधायक चक्रधर सिंह शिक्षकों के स्वागत के दौरान पूरी निष्ठा और मेहनत से उनका आवभगत कर रहे थे उमस भरी गर्मी का उन्हें जरा भी अहसास नहीं था पसीने से सराबोर होकर भी उन्होंने हमारी पुरानी परंपरा गुरुकुल में शिक्षकों की पूजा अर्चना और सम्मान की याद दिला दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ठंडा राम बेहरा तमनार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिहारी लाल पटेल एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण के उपाध्यक्ष ओम सागर पटेल एवं तीनों विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी जनपद सीईओ वीरेंद्र सिंह राय लैलूंगा जनपद अध्यक्ष किरण पैंकरा सहित समस्त जनपद सदस्य नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष समस्त पार्षद एल्डरमैन एवं कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के कर्मठ एवं ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित थे इस अवसर पर मंच का संचालन कान्हुराम गुप्ता ने बेहतरीन तरीके से किया जो तारीफे काबिल थी कार्यक्रम के पश्चात सभी जनों ने लोकप्रिय विधायक चक्रधर सिंह के द्वारा जो भोजन की व्यवस्था की गई थी सभी ने भोजन करते हुए कार्यक्रम सफल बनाया इसके लिए विधायक चक्रधर सिंह सभी शिक्षक बंधुओं एवं अधिकारी कर्मचारी कार्यकर्ता बंधुओं का आभार जताया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रदेश आगमन को लेकर रायगढ़ विधानसभा के पुसौर और लोइंग मंडल की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



9 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के छत्तीसगढ़ आगमन को लेकर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है वही प्रदेश आगमन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश भाजपा के बूथ स्तर तक के अपेक्षित कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन देंगे, रायपुर के साइंस कालेज के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर रायगढ़ विधानसभा की मैराथन बैठकों का दौर चल रहा है, जिस में आज पुसौर मंडल की बैठक नगर पंचायत के माली समाज के भवन तथा लोईगं मंडल में शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ के अध्यक्ष व पार्टी के पदाधिकारीयो के साथ बैठक लिए गया। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आवश्यक सुझाव दिये गये। इस बैठक मैं। मुख्य रुप से मंचीय अतिथियों में राष्ट्रीय जन जाति मोर्चा के सदस्य श्रीकांत सोमवार वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष पांडेय, कार्य समिति सदस्य ब्रजेश गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दूसरी बैठक लोइंग मंडल मे वही आयोजित हुई जिसमें मंचीय अतिथियो में राष्ट्रीय जन जाति मोर्चा के सदस्य श्रीकांत सोमावार, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष पांडेय जिला भाजपा जिला उपाध्यक्ष कौसलेश मिश्रा वा जिला मंत्री रत्थू गुप्ता का भी कार्यकर्ता को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मनीष गांधी, व महामंत्री द्वय व मंडल के समस्त पदाधिकारी व मंडल के सभी बुथों के पालक अध्यक्षगण के साथ समस्त कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# घोटालेबाज बीईओ देवभोग को किया गया निलंबित

**गरियाबंद** । पिछले लंबे समय से देवभोग में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों पर अनैतिक दबाव की कार्यप्रणाली चलाने वाले तथा ब्लाक शिक्षा कार्यकाल में शाम होते ही महफिल सजाने वाले बीएओ को आखिर कार उनके वित्तीय अनिमितता के चलते निलंबित कर दिया गया । उनपर आरोप है कि इन्होंने कार्यालयीन खाते का दुरुपयोग किया ,वर्षो से आडिट तक नही कराया ,साथ ही विभागीय खाते का ब्याज ही डकार गए । बताया जाता है कि इनका देवभोग से ट्रांसफर होने के बाद भी अपना तिकड़म बिठा कर वापस देवभोग में ही आ जमते है । जिसके चलते कहा जाता था कि इनकी शिक्षा विभाग में सेटिंग तगड़ी है । यह पहला मामला नही है कहा तो यंहा तक जाता है कि जिस भी शिक्षक को लाख दो लाख रुपये की जरूरत हो तत्काल उपलब्ध करा देते थे किस एवज में ये जांच का विषय है।जिसकी शिकायत भी कलेक्टर गरियाबंद से की जा चुकी थी।आखिरकार उनका वित्तीय मामले का भंडाफोड़ हुआ,और पता चला को वर्षो से विभाग के खाते को अपने निजी खाते के रूप में उपयोग करते आ रहे है।

## एक नजर

### गांधी गंज में महाराजा अग्रसेन जयंती आयोजन संदर्भ में हुई विशेष बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर के अग्रसेन जयंती आयोजन समिति की अभिनव पहल से अग्र समाज के सभी बंधुगण इस बार महाराजा अग्रसेन जी की जयंती को नव्यता व भव्यता देने में अनवरत मीटिंग का आयोजन कर रहे हैं और समाज के सभी लोगों से सलाह और सुझाव लेकर परिचर्चा भी कर रहे हैं ताकि कार्यक्रम की भव्यता में कोई कमी नहीं आए। इसी संदर्भ में आज शाम को पांच बजे शहर के गांधी गंज में अग्रसेन जयंती के सभी सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के मुख्य प्रभारी सुनील लेंध्रा और उप प्रभारी मुकेश गोयल की विशेष उपस्थिति में गांधी गंज के सदस्यों के साथ मीटिंग की गई। इसके अंतर्गत अग्र समाज के महिलाओं व पुरूषों ने 70 वर्ष से अधिक समाज के बुजुर्गों का सम्मानए कोरोना काल में समाज के जिस बच्चों ने सीएए इंजीनियरिंगए डॉक्टर्स पढ़ाई पूरी की ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान व शोभा यात्रा को देखकर सभी समाज के लोग हर्षित हो जाएं साथ ही आकर्षण के लिए कुछ नए चीजों को बढ़ाने की चर्चा की गई। इसी तरह सभी मोहल्ले व जोन से नाम और सुझाव लेकर पुनः उस संदर्भ में परिचर्चा कर कार्यक्रम फायनल करने पर विचार विमर्श किए व गांधी गंज के महाराजा अग्रसेन जी का मंदिर रंग रोगन व अग्र भोज का आयोजन और शोभा यात्रा को गंज से शुरुआत करने संबंधी विषय पर परिचर्चा की गई।

### अभिलेख फांउडेशन द्वारा शहर में पहली बार एम्स का स्वास्थ्य शिविर 14 को

जोहार छत्तीसगढ़-राजनांदगांव।

अभिलेख वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शहर में आगामी 14 सितंबर को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर की विशेषता यह है की इसमें भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर के डायरेक्टर नितिन नागरकर की अध्यक्षता में डाक्टरो की टीम अपनी सेवा देने आने वाली है। इस स्वास्थ्य शिविर में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक करीब एक दर्जन से अधिक स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है की अभिलेख वेलफेयर फाउंडेशन बीते दो सालों से लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देता आया है। इसी क्रम में अब विशाल हेल्थ शिविर का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में होने जा रहा है। संस्था द्वारा इसके लिए एम्स रायपुर के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल के भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की सेवाएं भी ली जायेगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर ली गई है। ज्ञात हो इस तरह से स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में एम्स की टीम पहली बार राजनांदगांव आ रही है। इस शिविर में मरीजों के पंजीयन की भी सीमा तय रहेगी। गंभीर रूप से पीड़ित मरीजो को एम्स द्वारा एक कार्ड भी दिया जाएगा। जिससे उन्हें रायपुर एम्स में पंजीयन को लेकर दिक्कतें नहीं होगी।

#### सभी तरह के मरीजों की जांच

शहर में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर के दौरान एक दर्जन से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाए देंगे। एम्स डायरेक्टर डॉक्टर नितिन नागरकर के साथ एक पूरी टीम आने वाली हैए जिनमे मेडिसिनए आर्थो, सर्जरी, गायइनोकोलॉजिस्ट, ईएनटी सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

#### तैयारियां शुरू

अभिलेख वेलफेयर फाउडेंशन द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर को लेकर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन द्वारा भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है।

#### आज से शुरू होगा पंजीयन

एम्स के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का पंजीयन कल सात सितंबर से दिग्विजय स्टेडियम में शुरू किया जा रहा है। यह पंजीयन 11 सितंबर तक ही किया जाएगा। इसके अलावा मोबाईल के जरिए भी पंजीयन की सुविधा दी गई है। मरीज 8962754060 मोबाईल नंबर पर अपना पंजीयन करा सकते है।

# विधायक पत्थलगांव रामपुकर सिंह व कलेक्टर अग्रवाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक का योगदान महत्वपूर्ण-कलेक्टर अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित**

शिक्षक दिवस के अवसर पर विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष जनजातीय सलाहकार परिषद छत्तीसगढ़ शासन रामपुकार सिंह एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आज जशपुर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नवीना पैंकरा, पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर, सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी जे के प्रसाद,सुरेश जैन, सूरज चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उन्हें आगे भी बेहतर कार्य करने हेतु शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि रामपुकार सिंह द्वारा माता सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम के शुरूआत किया गया। राजगीत की प्रस्तुति के साथ ही शिक्षकों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत एवं संकल्प शिक्षण संस्थान की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में डीईओ प्रसाद द्वारा देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन वृतांत का संक्षिप्त परिचय दी गई। साथ ही जिले के शिक्षकों की शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा एवं उनकी उपलब्धियों की भी जानकारी दी गई। विधायक रामपुकार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते उपस्थित सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सिंह ने कहा कि गुरु से बढ़कर कोई नही होताए उनका स्थान सबसे ऊपर है। शिक्षक का देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षको ने देश को अनेक महापुरुष दिए है जिन्होंने देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। एक शिक्षक अपने जीवनपर्यंत समाज की सेवा करता है और हर स्थान में उन्हें सम्मान प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षक बच्चों में किताबी ज्ञान के साथ साथ उन्हें नैतिक शिक्षा, संस्कार, अनुशासनए अच्छे बुरे की समझ विकसित करता है। जिससे बच्चे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा की शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर हम खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। आप सभी इसी प्रकार अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करे,और शिक्षा के क्षेत्र में जिले के नाम देश में और ऊंचा करें।

कलेक्टर अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए

कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने डॉ राधाकृष्णन के जीवनी की कुछ संस्मरणों की चर्चा करते हुए उनके आदर्श जीवन मूल्यों को अनुसरण करने के लिए उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का नेतृत्व करते है। और बच्चे उनका अनुशरण करते है। शिक्षक का कार्य बहुत ही जिम्मेदारी पूर्ण होता है। शिक्षक ही बच्चों में जीवन मूल्यों की समझ पैदा करते है। शिक्षा के साथ ही उन्हें नैतिक शिक्षा भी प्रदान करते है। जिससे उनके चरित्र का निर्माण होता है। शिक्षा से ही एक स्वस्थ समाज और देश का विकास होता है। अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा का विस्तार हुआ है। स्कूली शिक्षा के बाद भविष्य निर्माण, कैरियर की चुनौती बच्चों के सामने होती है। जिसके लिए उनका उचित मार्गदर्शन आवश्यक है। शिक्षक ही बच्चों के भविष्य निर्माता होते है।

# शिक्षक दिवस पर रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल द्वारा किया 75 शिक्षकों का सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब रायगढ़ रॉयल द्वारा लक्ष्मीपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षकों के सम्मान के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में राजीवनगर सरस्वती शिशु मंदिर, लक्ष्मीपुर सरस्वती शिशु मंदिर व लोचन नगर सरस्वती शिशु मंदिर के सभी 75 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान में भेंट स्वरूप स्टील से बना पानी पीने वाला बोतल और श्रीफल दिया गया। वहीं वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान में साल, श्रीफल और पानी बोतल भेंट स्वरूप देते हुएए भारतीय समाज में सदियों से बनी ज्ञान देने वाले गुरूजनों के प्रति धारणा को रेखांकित करने का प्रयास रोटरी क्लब रॉयल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के विषय में रोटरी क्लब रॉयल के सचिव मनोज अग्रवाल कम्युनिकेशन ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन विजय अग्रवाल एनआर ने शिक्षकों को सम्मान देते हुए बताया कि शिक्षक ही वह वर्ग है, जो कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। वैसे तो भारतीय परम्पराओं में हम सभी गुरूजनों का हर दिन हृदय से सम्मान करते हैं, लेकिन यह दिवस चूंकि शिक्षक रहे सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर मनाया जाता है, जो कि एक बहुत बड़े विद्वान साथ-साथ इस राष्ट्र के राष्ट्राध्यक्ष भी रहे। इसलिए यह दिवस और अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है। वस्तुतः इसी तारतम्यता में हम उनका आज के दिन स्मरण करते हुए, शिक्षकों का सम्मान करते हैं। जो कि हमारी अगली पीढ़ी के लिए एक सीख का अध्याय है और इसी के द्वारा हम अपने अगली पीढ़ी को अर्थात् अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सीख देते हैं, जिससे कि वे भी समाज निर्माताओं के इस वर्ग को सम्मान देना सीखें।



# श्री अग्रसेन जयंती प्रतियोगिता महाकुंभ का हुआ शुभारंभ

जोहार छततीसगढ़-कोरबा।



महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओ का महाकुंभ का शुभारंभ आज श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में श्री अग्रसेन प्रीमियर लींग एपीएल मैच के साथ हुआ महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अयोजित प्रतियोगिताओं का महाकुंभ की शुभारंभ माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन कि प्रतिमा की पूजा अर्चना के साथ किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर अग्रवाल सभा सभी कार्यकारणी द्वारा गुब्बरे छोड़े गये और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया है अग्रबन्धु ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में सम्मलित हुये और प्रतिभागियों को अपनी शुभकांमनाऐ दी। प्रथम प्रतियोगिता श्री अग्रसेन प्रीमियम लींग एपीएल मैच का अयोजन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया गया।

जिसमें 10 टीमों ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता का अयोजन नवयुवक मंच द्वारा किया गया। जिसमें भाग लेने वाली प्रत्येक टीम को अपनी टीम स्वयं बना कर लानी थी इस अवसर पर अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल कनिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाष मोदी सचिव षिव अग्रवाल कोषध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवालए कार्यकारणी सदस्य एवं अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल, अग्रसेन पब्लिक स्कुल से अध्यक्ष जयराम बंसल व सचिव मुकेष गोयल व अग्रसेन गौ सेवा समिति सचिव मोहन अग्रवाल माता माधवी देवी गौ सेवा समिति क्रे अध्यक्ष सुनील जैन व अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्षा आभा अग्रवाल व सचिव सुमन सिघानिया, सपना केडिया पूर्व अध्यक्षता उमा बंसल आषा बुधिया अग्रसेन नवयुवक मंच अध्यक्ष अग्रवाल सभा के मडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 सितंबर 2022 को धीमी साइकिल प्रतियोगिता व धीमी स्कुटी प्रतियोतगिता का अयोजन निहारिका दशहरा मैदान में दोपहर 3 बजे अग्रवाल महिला मंडल द्वारा किया जायेगा।



# स्वामी आत्मानन्द स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

## विधायक राठिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक लालजीत सिंह राठिया एवं अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गई।



वहीं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित की गई। जिसके बाद विधायक के हाथों सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने सभी गुरुजनों का पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं आत्मानन्द स्कूल में पदस्थ सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को विधायक ने पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। स्कूली बच्चों द्वारा अतिथियों के सम्मान में नृत्य के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने उपस्थित सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक के बिना एक अच्छे मनुष्य का निर्माण संभव नहीं हो सकता। शिक्षकों से हमें सभी प्रकार की शिक्षा मिलती है, जिसके लिए छात्रों को मन लगाकर उनकी बातों को सुनने एवं जीवन में अमल करने की जरूरत है। जनपद अध्यक्ष पुनितराम राठिया ने कहा कि शिक्षक कुम्हार की तरह है जो कच्ची मिट्टी को सुंदर रूप देता है। वहीं शिक्षक दीपक की तरह रोशनी देकर हमारे जीवन से अंधकार को मिटाते हैं। उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने भी शिक्षक दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में विधायक ने स्कूल परिसर में साइकल स्टैंड, किचन शेड एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य हकीमउल्ला खान ने किया। इस अवसर पर मन्दीपसिंह कोमल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल, हाफिजउल्ला खान, कंवलजीत सिंह, गगनदीप सिंह, हेमन्त साव, बीईओ सिदार, एबीईओ रवि सारथी, सत्यजीत पुरकायस्थ सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## एक नजर

### युवक ने किया कीटनाशक का सेवन, अस्पताल में इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र में जहर सेवन के मामले बहुत ज्यादा होने लगे हैं। आए दिन अस्पताल में जहर सेवन करने वालों को देखा जा सकता है। विगत कुछ महीनों में मामले कुछ ज्यादा ही हो गए हैं। दोपहर को कीटनाशक का सेवन करने वाले एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मानक साय पिता रगसाय तिर्की उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी चांदी डांड ने 5 सितम्बर की दोपहर घर में रखे पेड़ पौधों में छिड़कने वाले कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे बिगड़ते हालात को देख घरवालों ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है। परिजनों ने बताया कि दोपहर में मानक साय खुद भोजन बनाकर खाया है।लेकिन किस कारण से कीटनाशक का सेवन किया पता नहीं चल रहा है।

### कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे आज धरमजयगढ़'

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

ख्याति प्राप्त कवि डॉ सुरेंद्र दुबे आज धरमजयगढ़ में अपनी प्रस्तुति देंगे। गायत्री मंदिर में भगवान गणेश जी की स्थापना करने वाली समिति द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हास्य कवि के रूप में प्रसिद्ध दुबे देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी कला की छाप छोड़ी है। डॉ सुरेंद्र दुबे का जन्म छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में हुआ था। वे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंग्यवादी और लेखक हैं । वह पेशे से एक आयुर्वेदिक चिकित्सक भी हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा 2010 में देश के चौथे उच्चतम भारतीय नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। डॉ. सुरेन्द्र दुबे को हिंदी कविता में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए काका हाथरसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने विदेशों में भी कवि सम्मेलन में काफी नाम कमाया है। आज गायत्री मंदिर परिसर में रात्रि 9 बजे से कार्यक्रम होगी।



# अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा,अस्पताल में इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

बाइक से गिरकर युवक घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम तराईमार निवासी सुमित सारथी पिता गौटिया राम सारथी उम्र 28 वर्ष सुबह घर से बाइक लेकर सब्जी बेचने गया था।



शाम को 4 बजे लगभग आमापाली से बरतापाली मार्ग में एक किलोमीटर की दूरी पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे सुमित के सिर में चोट आई है। मौके पर उपस्थित लोगों ने 112 में डायल किया लेकिन 112 की सुविधा नहीं मिल सकी। घायल के पास मिले मोबाइल से उसके परिजनों को फोन करके घटना की जानकारी दी। तब पिकअप में घायल को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ पहुंचाया गया। जहां उपचार जारी है।

# सरपंच संघ के मांगों का धरमजयगढ़ भाजपा पदाधिकारियों ने दिया समर्थन



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ में सरपंच संघ के बैनर तले अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है। सरपंच संघ 13 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। विकासखंड धरमजयगढ़ में भी सरपंच संघ हड़ताल पर बैठे हैं। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बने सायकल स्टैंड में 118 पंचायत के सरपंच हड़ताल पर बैठते हैं।

5 सितंबर को भाजपा पदाधिकारी हड़ताल स्थल पर पहुंचे। जहां सरपंच संघ के मांगों को जायज बताते हुए उसका समर्थन किया। सरपंच संघ के मांगों को समर्थन देने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, जिला मंत्री रजनी राठिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष निलमणी पटेल, महामंत्री अनिल पांडेय, शिशुपाल गुप्ता, यूवा मोर्चा अध्यक्ष शशी पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भोगेश्वर बेहरा उपस्थित हुए।

# जशपुर में नाबालिग के साथ हैवानियत देशी जुगाड़ से 4 माह की गर्भवती नाबालिग का करा दिया गर्भपात

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




जशपुर जिले में नाबालिगों के साथ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। नाबालिग पीड़िता के साथ हैवानियत की दर्दनाक तस्वीर सामने आई है जिसमें पहले तो नाबालिग गर्भवती हुई और फिर परिवार वालों ने मिलकर देशी जुगाड़ से नाबालिग का गर्भपात करा दिया। पीड़ित नाबालिग के परिजनों ने मामले की शिकायत बगीचा थाने में की है जहां बगीचा पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफ आईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला है जिले के बगीचा थाना क्षेत्र का जहाँ एक नाबालिग का एक युवक के साथ प्रेम सम्बन्ध था। परिवार वालों की मर्जी से नाबालिग लड़के के साथ रहने लगी और 4 माह की गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी जब लड़के के परिवार वालों को हुई तो लड़के के परिवार वालों ने मिलकर नाबालिग का गर्भपात करा दिया। आरोपी युवक का तीन वर्ष से नाबालिग पीड़िता से प्रेम संबंध था। बीते 28 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे आरोपी ने उसे बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान मार्च 2022 में नाबालिग गर्भवती हो गई।इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। आरोपी युवक इस बात को सबसे छिपाते हुए जुलाई माह में उसे अपने मामा के यहाँ बतौली थाना क्षेत्र में ले गया जहां 2 माह तक उसने पीड़ित नाबालिग को अपने साथ रखा।

### दाई ने देशी दवाई डालकर करा दिया गर्भपात

आरोपी के परिवार वालों ने मिलकर बतौली थाना क्षेत्र के सरस्वतीपुर में एक स्थानीय दाई से नाबालिग का गर्भपात करा दिया। गर्भपात कराए जाने के दौरान दाई,आरोपी युवक उसकी मां,फुआ,फूफा,मामा,मौसी वहां मौजूद थे। आरोपी समेत उसके परिवार वालों ने नाबालिग के गर्भपात से लेकर हर अपराध पर आरोपी का साथ दिया। इसके बाद आरोपी युवक ने 27 अगस्त को तबियत ठीक होने पर नाबालिग को उसके घर लाकर छोड़ दिया और अपने पास रखने से इंकार कर दिया। आरोपियों में युवक समेत उसके परिवार वाले शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने 7 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जशपुर एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि उक्त मामले में बगीचा पुलिस ने आईपीसी की धारा 363, 366, 376,2;द,376; एन 344,149 पॉक्सो एक्ट की धारा ;4,;6, के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामले की जाँच की जा रही है।

# कलेक्टर ने नगरीय निकाय के अधिकारियों को खाद बनाने में प्रगति लाने के दिए सख्त निर्देश

## आयुष्मान कार्ड और टीकाकरण में तेजी लाने के लिए कहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



* छोटे और मध्यम किसानों का अभियान चलाकर धान खरीदी के लिए पंजीयन कराने के निर्देश
* दिव्यांगजनों का शिविर लगाकर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के लिए कहा गया

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, गोबर खरीदी, खाद बनाने की प्रगति, किसानों क्रेडिट कार्डए जाति प्रमाण-पत्र की प्रगति, मुख्यमंत्री के भेंट.मुलाकात से संबंधित निराकृत आवेदनों की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के अधिकारियों से गौठानों में किए जा रहे गोबर खरीदी और खाद बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपने.अपने क्षेत्रों का सीएमओ भ्रमण करके के कार्यो का निगरानी करें और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए कहा है और सभी एसडीएम को भी अपने-अपने विकासखण्डों में योजनाओं का फीडबैंक लेने के लिए कहा गया है। उन्होंने छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है इसके लिए बीएलई को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को सोसायटी के माध्यम से किसानों को वर्मी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं साथ ही गौठानों में बनाए गए उच्च गुणवत्ता की वर्मी कम्पोस्ट खाद का उठाव कराने के लिए कहा गया है। उन्होंने राजस्व, कृषि विभागए सहकारिता विभाग और विपणन विभाग के अधिकारियों को विशेष प्रयास करके धान बेचने के लिए छोटे और मध्यम किसानों का भी पंजीयन कराने के लिए कहा गया है ताकि कोई भी पात्र किसान धान बेचने से वंचित न होने पाए इसके लिए अभियान चलाकर किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं और किसानों का केसीसी बनाकर योजना लाभ देने के लिए कहा गया है।

# रायगढ़ रोड गणेश उत्सव समिति द्वारा डांस प्रतियोगिता का अयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

चारों तरफ गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। जगह-जगह भगवान गणेश जी की स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। धरमजयगढ़ में भी अनेक स्थानों पर गणेश विराजमान हैं। रायगढ़ रोड धरमजयगढ़ में भी विगत दो दशकों से भगवान गणेश की स्थापना की जा रही है। जहां प्रतिदिन पूजा अर्चना आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण होता है। कई वर्षों से नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी 7 सितम्बर की रात्रि 9 बजे से नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें समिति द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान धरमजयगढ़ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता रायपुर होंगे रवाना



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भाजपा मण्डल के कार्यकर्ता इन दिनों उत्साह से भरे नजर आ रहे है पिछले दिनों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भूपेश सरकार का घेराव करने रायपुर पहुंचे थे। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने पहुंच रहे हैं। मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव ने बताया धरमजयगढ़ बूथ स्तर के कार्यकर्ता 8 सितंबर को रायपुर सैकड़ों की संख्या में पहुचेंगे इसकी पूरी व्यवस्था की जा चुकी है,शक्तिकेन्द्र स्तर पर प्रभारी नियुक्त किये गए है।



# डेंगू रोग के लक्षण एवं बचाव के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वर्तमान समय मौसम में आये बदलाव व रुक-रुक के हो रहे बारिश के कारण जगह-जगह जल जमाव की स्थिति बनी हुई है एवं मच्छरों की उत्पत्ति स्थल व संख्या में वृद्धि हुई है, जिसके कारण डेंगू जैसे मच्छर जनित रोग के केश बढ़ने कि संभावना हैं। उल्लेखनीय है कि वेक्टर (मच्छर) जनित रोग का बचाव एवं नियंत्रण आमजन के सहयोग से आसानी से किया जा सकता है। डेंगू एक वायरल बीमारी है जो एक खास प्रजाति के मच्छर के काटने से फैलती है। डेंगू वायरस मुख्य रूप से एडीज प्रजाति के मादा मच्छरों द्वारा फैलता है। ये छोटे काले रंग के मच्छर पेट और पैरों पर सफेद रंग के धारियां होते हैं। ये मच्छर चिकन गुनिया, येलो फीवर और जीका वायरस के भी वाहक हैं। डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहते है क्योकि इसमें हड्डी टूटने जैसा दर्द होता है और कई दिनों तक रहता है। एडीज इजिप्टी मच्छर किसी भी प्रकार के मानव निर्मित कंटेनर या कंटेनर में अंडे देती है। पानी की थोड़ी मात्रा भी अंडे देने काफी होती है। एडीज एजिप्टी के अंडे बिना पानी के एक साल से अधिक समय तक जीवित रह सकते हैं। यह दिन में काटने वाला, मुख्य रूप से घरेलू और पेरिडोमेस्टिक स्थितियों में मनुष्यों पर बार-बार काटता है। संक्रमित एडीज मादा मच्छर के दिन तथा घरों के भीतर लाइट की दूधिया रौशनी में काटने से लोगों में फैलता है। इसके मच्छर घरों के आसपास साफ और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं। एडीज मच्छर घरों के अंदर और आसपास ठहरे हुए पानी में अंडे देते हैं। एडीज मच्छर कंटेनर ब्रीडर हैं जैसे सीमेंट टैंक, ओवर हेड टैंक, भूमिगत टैंक, टायर, डेजर्ट कूलर, मटकी, फेंके गए कंटेनर, जंक सामग्री, गड्ढे, छत, खिड़की पैरापेट, सजावटी फव्वारा, बांसपॉट, मनीप्लांट की बोतल आदि। जिसमें एक सप्ताह से अधिक समय तक पानी जमा रहता है, वहाँ एडीज मच्छर पनपते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in